भीम प्रज्ञा अलर्ट

जो व्यक्ति वर्तमान में ईमानदारी से श्रम करता है, उसका भविष्य बहानों का मोहताज नहीं रहता।

दैनिक

# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-73 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 2 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

### बजट 2026: न ढोल-नगाड़े, न पटाखे– फिर भी अर्थव्यवस्था की धड़कन तेज

केंद्रीय बजट 2026 को अगर एक वाक्य में समेटा जाए, तो कहा जा सकता है–यह बजट मंच पर कम, फाइलों में ज़्यादा बोलता है। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भाषण न तो लोकलुभावन नारों से गूंजा, न ही किसी जादुई घोषणा से तालियां बटोरीं। लेकिन यही इसकी सबसे बड़ी खासियत भी है। यह बजट शोर से दूर, संख्याओं की गंभीर भाषा में देश को समझाने की कोशिश करता है कि अर्थव्यवस्था किसी चुनावी पोस्टर से नहीं, बल्कि अनुशासन से चलती है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलताहै।

राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर थामकर सरकार ने यह साफ कर दिया कि 'खर्च करेंगे, लेकिन हिसाब से।' यह उस दौर में एक साहसिक बयान है, जब हर तरफ मुफ्त की घोषणाओं की होड़ लगी रहती है। बजट मानो कह रहा हो– 'लोकतंत्र में लोकप्रिय होना जरूरी है, पर दिवालिया होना नहीं।' पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.5 लाख करोड़ रुपये करना इसी सोच का विस्तार है। सड़कें, रेलवे, डिजिटल ढांचा–ये सब चुनावी मंच पर भले उबाऊ लगें, लेकिन आने वाले दशकों की अर्थव्यवस्था इन्हीं पर दौड़ती है। हालांकि, सवाल वही पुराना है–क्या ये सड़कें सिर्फ महानगरों को और चौड़ा करेंगी, या गांव तक भी पहुंचेंगी? क्या रेलवे के नए ट्रैक सिर्फ एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए होंगे, या उस किसान के लिए भी, जो अपनी फसल मंडी तक पहुंचाने में आधी जिंदगी गंवा देता है? बजट का कागज तो भरोसा दिलाता है, पर जमीन पर उतरते-उतरते कई बार ये योजनाएं फाइलों में ही 'विश्राम' करने लगती हैं।

मध्यम वर्ग के लिए यह बजट राहत की चाय जैसा है– बहुत मीठी नहीं, पर सुकून देने वाली। मानक कटौती बढ़ी, कर स्लैब सरल हुए, शिक्षा ऋण और किराये पर कर बोझ घटा। सरकार ने पहली बार यह स्वीकार किया है कि करदाता केवल एटीएम मशीन नहीं, बल्कि विकास का साझेदार भी है। आयकर रिटर्न की समय सीमा बढ़ाना और कर कानून को सरल करने का वादा स्वागत योग्य है। लेकिन व्यंग्य यही है कि कानून भले सरल हो जाए, काउंटर पर बैठा बाबू अगर वही पुराना सवाल पूछे– 'एक फॉर्म और लगा दीजिए '–तो सारी सरलता हवा हो जाती है। कृषि क्षेत्र के लिए बजट ने सहानुभूति की भाषा बोली है। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना, फसल विविधीकरण, सिंचाई और भंडारण पर जोर–सब कुछ सही दिशा में है। मनरेगा, किसान क्रेडिट कार्ड और मत्स्य पालन पर फोकस ग्रामीण भारत की नब्ज पहचानने का संकेत देता है। लेकिन गांव का किसान आज भी यह पूछता है– 'योजना मेरे खेत तक कब आएगी?' अगर लाभ वही किसान ले जाए जो पहले से संसाधन संपन्न है, तो फिर यह बजट भी आंकड़ों का खेल बनकर रह जाएगा।

महिला सशक्तीकरण के नाम पर बजट ने कई दरवाजे खोले हैं। स्वरोजगार ऋण, लक्ष्मी वंदना योजना, शहरी महिलाओं के लिए कर राहत–ये सब स्वागत योग्य कदम हैं। पंचायतों के लिए विशेष प्रावधान यह उम्मीद जगाते हैं कि महिला आरक्षण कागज से निकलकर निर्णय लेने की कुर्सी तक पहुंचे। हालांकि, व्यंग्य यह है कि कई पंचायतों में आज भी 'सरपंच पति' लोकतंत्र का अनौपचारिक पद बने हुए हैं। बजट पैसा दे सकता है, लेकिन मानसिकता बदलने का बजट अभी बाकी है। निजी निवेश को बुलाने के लिए सरकार ने रेड कार्पेट बिछा दी है–पीपीपी मॉडल, कर छूट, एकल खिड़की मंजूरी। संदेश साफ है– 'निवेशक आइए, सिस्टम तैयार है।' लेकिन निवेशक तब आएगा, जब नीतियों के साथ स्थिरता और भरोसा भी दिखेगा। केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि समय पर मंजूरी और पारदर्शिता से। कुल मिलाकर, बजट 2026 कोई रंगीन पोस्टर नहीं, बल्कि एक गंभीर लेखा-पुस्तक है। इसमें तंज यह है कि जो बजट सबसे कम तालियां बटोरता है, वही अक्सर सबसे ज्यादा असर छोड़ता है। यह बजट सपनों से ज्यादा संयम पर भरोसा करता है। अब असली परीक्षा सरकार की नहीं, व्यवस्था की है–क्या ये योजनाएं फाइलों से निकलकर खेत, फैक्ट्री और घर तक पहुंचेंगी? अगर हां, तो यह बजट इतिहास में 'शांत लेकिन असरदार' बजट के रूप में याद किया जाएगा। अगर नहीं, तो यह भी उन बजटों की कतार में खड़ा मिलेगा, जिन पर चर्चा तो बहुत हुई, पर बदलाव कम।

बजट पर डोटासरा बोले- तीन साल चुनाव नहीं, इसलिए अनदेखी:

# 60 बार दिल्ली गए मुख्यमंत्री, फिर भी राजस्थान को 'फूटी कौड़ी' नहीं मिली

भीम प्रज्ञा न्यूज

केंद्र सरकार के बजट पर पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राजस्थान के लिए निराशाजनक बताया है। डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री दो साल में 60 बार दिल्ली गए, इसके बावजूद भी राजस्थान के लिए एक रुपया भी नहीं ला पाए। राजस्थान में तीन साल चुनाव नहीं होंगे,इसलिए फूटी कौड़ी भी नहीं मिली।

अगर राजस्थान को जिस तरह विधानसभा चुनावों में पर्ची मिली थी, ठीक उसी तरह इस बजट में भी मिल जाती तो इसमें भी कुछ ना कुछ मिल जाता, लेकिन इस बार तो बिल्कुल शून्यता है। डोटासरा ने रविवार को सीकर आवास पर मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार का बजट बहुत निराशाजनक है। इसमें गरीब,दलित,पिछड़े लोगों और पिछड़े इलाकों के लिए, ग्रामीण परिवेश की मजबूती के लिए कुछ भी नहीं है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो साल में कम से कम 60 बार दिल्ली जा चुके हैं, लेकिन वह एक भी रुपया कोई विशेष पैकेज के रूप में नहीं लो पाए। राजस्थान के लिए एक भी तोहफा नहीं ला पाए।



### राजस्थान पर्यटन के लिए भी कोई विशेष पैकेज नहीं

उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में पर्यटन की बहुत संभावना है,उसके लिए कोई विशेष पैकेज नहीं है। जल जीवन जैसे मिशन की मांग राजस्थान में कांग्रेस पार्टी कर रही थी, लेकिन उसके लिए भी कोई विशेष पैकेज नहीं। एनसीआरपी राष्ट्रीय परियोजना की बात मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बार-बार कह रहे थे, उसकी भी बजट में कोई बात नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में आकर घोषणा की थी, लेकिन उसके लिए भी कुछ नहीं मिला।

### राजस्थान पर्यटन के लिए भी कोई विशेष पैकेज नहीं

उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में पर्यटन की बहुत संभावना है,उसके लिए कोई विशेष पैकेज नहीं है। जल जीवन जैसे मिशन की मांग राजस्थान में कांग्रेस पार्टी कर रही थी, लेकिन उसके लिए भी कोई विशेष पैकेज नहीं। एनसीआरपी राष्ट्रीय परियोजना की बात मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बार-बार कह रहे थे, उसकी भी बजट में कोई बात नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में आकर घोषणा की थी, लेकिन उसके लिए भी कुछ नहीं मिला।

### सरकार ने 1 साल में 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही थी

उन्होंने कहा कि शेयर मार्केट धड़ाम से गिरा है,हाहाकार मचा हुआ है। एक तो यह बजट किसी भी वर्ग के लिए राहत देने वाला नहीं है। दूसरी तरफ राजस्थान में जहां हमेशा पानी की कमी रहती है, उसे दूर करने के लिए भी इस बजट में कोई घोषणा नहीं है। केंद्र सरकार ने 1 साल में 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन रोजगार के लिए कोई घोषणा नहीं की गई। सोने और चांदी को लेकर जो असंतुलन बना हुआ है। सस्पेंस बना हुआ है कि कब-क्या और किस तरह से होगा।

पीसीसी चीफ ने कहा कि राजस्थान के लोग बांसवाड़ा रेल परियोजना के लिए उम्मीद कर रहे थे, लेकिन इस बजट में उसके लिए भी कोई घोषणा नहीं की गई है।

### डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से पूछे सवाल

डोटासरा ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि आप 2 साल में 60 दफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह,केंद्रीय मंत्रियों से मिलने गए। 2 दिन पहले भी मुख्यमंत्री कई केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर आए। लेकिन मुख्यमंत्री को उनसे मिला क्या।

आप तो किसान की इनकम दोगुनी करने की बात कर रहे थे, लेकिन आपने तो उस पर दोगुनी मार डाल दी है। किसी भी देश के बजट के बाद में अगर वहां के शेयर मार्केट में गिरावट आती है तो आप समझ सकते हैं कि उस बजट से जो लोगों को उम्मीद थी, उस पर वह बजट खरा नहीं उतर सका।

## आम बजट हरियाणा के लिए नहीं कोई योजना- आप नेता सुखविंदर सिंह गिल

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।

**विजय रंगा ।** आम आदमी पार्टी टोहाना हल्का से रहें उम्मीदवार व आम आदमी हरियाणा प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंदर सिंह गिल ने केंद्रीय बजट को हरियाणा प्रदेश के लिए निराशा जनक बताते हुए तीखी प्रक्रिया दी। उन्होंने कहा यह बजट पूर्णतः हरियाणा प्रदेश विरोधी और निराशाजनक है। इस बजट में हरियाणा के लिए कुछ भी नहीं दिया गया। यह हरियाणा की जनता के साथ धोखा है। साथ ही राष्ट्रीय सत्र पर देखा जाए तो बजट में कोई विकास का प्रावधान नहीं है।जिसका सबूत आज शेयर में बाजार में धड़ले से गिरावट ने दिया। देश के मजदूरों



के साथ धोखा है, मजदूरों के विकास की कोई योजना नहीं है। युवाओं के रोजगार और शिक्षा स्वास्थ्य के बारे में बजट में कोई प्रावधान नहीं है। आज देश के आर्थिक विकास के लिए बजट पेश होने से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति बोलते हैं। क्या सरकार विदेशी दबाव में चल रही है। यह बड़ा शर्मनाक और दुखी करने वाला विषय है।आम आदमी पार्टी के नेता सरदार सुखविंदर सिंह गिल ने आगे कहा कि ना तो केन्द्र सरकार और ना ही हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार व शिक्षा सम्बंधित कोई प्रोत्साहन का जिक्र तक नहीं कर रही उल्टे उन्हें भ्रमित कर निजी नौकरी या ठेकेदारी प्रथा की नौकरी के लिए मजबूर कर रही है।हरियाणा सरकार चाहे कोई किसान हो व्यापारी हो, युवा पीढ़ी हो, विधार्थी हो सभी के साथ छलावा कर रही है।

## संत रविदास की जयंती मनाई; बलाई विकास समिति की बैठक संपन्न

भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।



शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई समाज सभा-भवन में रविवार को बलाई विकास समिति, जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) की बैठक वरिष्ठ समाजसेवी लालाराम मेहरडा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इससे पूर्व संत रविदास जयंती पर संत रविदास महाराज के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उपस्थित सभी पदाधिकारी ने कहा कि संत रविदास ने जातिगत भेदभाव का खंडन किया एवं आंतरिक भक्ति व सामाजिक समानता पर जोर दिया। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार व महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि बैठक में समिति द्वारा आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान समारोह करने का निर्णय लिया गया। साथ ही भूमि खरीद व भवन निर्माण हेतु चर्चा की गई। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह नारनोलिया, कालूराम सामरिया, उप महासचिव हनुमान सहाय झाटीवाल, उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनीवाल, सचिन सांवरमल छेडवाल, गोपाल लाल बुनकर, संगठन सचिव मुकेश कुमार कालोया, कार्यकारिणी सदस्य घीसालाल बबेरवाल, गुलाब नाथ बुढगाया, गोपाल लाल देवठिया, तुलसीराम बामनिया आदि मौजूद थे।

## नीमराना में धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना

**नीमराना / रमेशचंद ।** कस्बे में स्थित रविदास जी के मंदिर पर संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी रमेश कुमार द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम का आयोजन महंत इकसार नाथ जी महाराज के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रतनलाल निमोरिया, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, और विशिष्ट अतिथि अशोक पनवाल एडवोकेट, सरपंच प्रतिनिधि, उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरेशचंद रेवाडिया, रामनिवास सामरिया एडवोकेट, विजय चौहान एडवोकेट, राजू सामरिया पंच, हरकेश हवलदार,





दुलीचंद मोरोडिया, सुभाष पंच, वीर सिंह, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन और शिक्षाओं पर चर्चा की और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## बीजवाड़ चौहान में दसवीं बाबा खेतानाथ क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, 32 टीमें ले रही हिस्सा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.नीमराना।

**रमेशचंद ।** कस्बे के समीपवर्ती गांव बीजवाड़ चौहान में रविवार को दसवीं बाबा खेतानाथ क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी संदीप राणा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि भगवान सिंह ठेकेदार, हरीश यादव, धर्मेंद्र चौहान, सरजीत भाटी अमर सैनी, राजेश धानका, गौ सेवक अजीत सैनी, विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के सदस्य अभिषेक कौशिक, केडी ठेकेदार, अजय सरपंच, हेमंत चौधरी, शेखर चौहान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद बद्री प्रसाद ने की और संचालन संजय मास्टर ने किया। प्रतियोगिता में हरियाणा और राजस्थान की कुल 32 टीमें हिस्सा ले





रही हैं। प्रथम विजेता को 21 हजार रुपये एवं ट्रॉफी और उपविजेता को 15 हजार रुपये व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान होशियार चौधरी, विपिन मीणा, सोनू जाट, जलेसिंह चौधरी, प्रवीण शर्मा, उमादत्त मास्टर, सुनील भगत जी, मनीष स्वामी, नवीन शर्मा, नवीन सहवाग सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## चौमू प्रेस क्लब के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न

भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमू।

### डॉ. के.एल. कुमावत निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया** प्रेस क्लब चौमू के चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में सभी पदों पर निर्विरोध चयन किया गया।वरिष्ठ पत्रकार डॉ. के.एल. कुमावत को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर विकास शर्मा, महामंत्री पद पर बी.एल. भंडारी तथा कोषाध्यक्ष पद पर संदीप अग्रवाल निर्वाचित हुए।चुनाव अधिकारी जितेंद्र रागेय ने बताया कि सभी सदस्यों की सहमति से चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे संगठन में एकजुटता और आपसी सहयोग का संदेश गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन के बाद प्रेस क्लब परिसर में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों एवं सदस्यों ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर सम्मान किया एवं बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद डॉ. के.एल. कुमावत ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रेस क्लब को और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान, उनके हितों की रक्षा तथा निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उपाध्यक्ष विकास शर्मा, महामंत्री बी.एल. भंडारी और कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने भी सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए संगठन के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब चौमूं को एक सशक्त मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। सभी ने नए नेतृत्व से प्रेस क्लब की गरिमा बनाए रखने और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा की अपेक्षा जताई। चुनाव के सफल आयोजन से चौमू प्रेस क्लब में उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष दिवाकर भारती, आशीष तिवाड़ी, रामवतार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, भगवान सहाय यादव, जयपाल सिंह, डॉ. सीताराम कुमावत, गजानंद कुमावत, विष्णु कुमावत, भाग सिंह, एहसान खान पठान, कैलाश पाराशर सहित अनेक पत्रकार बंधु मौजूद रहें।



# मच्छरों के काटने से क्या बच्चे इम्यून होते हैं? जानिए सच्चाई और सही इलाज

अक्सर माता-पिता के मन में सवाल होता है कि क्या छोटे बच्चे मच्छरों के काटने से सुरक्षित या इम्यून होते हैं? और अगर मच्छर काट ले तो उसे ठीक करने का सबसे सुरक्षित तरीका क्या है? डॉक्टरों के मुताबिक इसका जवाब जानना बेहद जरूरी है, क्योंकि बच्चों की त्वचा बहुत नाजुक होती है।

## क्या बच्चे मच्छरों के काटने से इम्यून होते हैं?

इसका जवाब है नहीं, बच्चे मच्छरों के काटने से बिल्कुल भी इम्यून नहीं होते। दरअसल बच्चों की इम्यूनिटी पूरी तरह विकसित नहीं होती उनकी त्वचा पतली और संवेदनशील होती है, इसलिए मच्छर के काटने पर ज्यादा लालिमा, सूजन खुजली दिख सकती है। कुछ मामलों में बच्चों को एलर्जिक रिएक्शन भी हो सकता है।

## मच्छर काटने से बच्चों को खतरा

मच्छर सिर्फ खुजली ही नहीं, बल्कि कई बीमारियां फैला सकते हैं जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जीका वायरस। छोटे बच्चों में इन बीमारियों का असर ज्यादा गंभीर हो सकता है।

## बच्चों में मच्छर काटने का सबसे सुरक्षित इलाज

ठंडी सिकाई : साफ कपड़े में बर्फ लपेटकर 5-10 मिनट काटे हुए हिस्से पर रखें। इससे सूजन और खुजली कम होती है

एलोवेरा जेल : 100% शुद्ध एलोवेरा जेल त्वचा को ठंडक देता है और जलन कम करता है

कैलामाइन लोशन : डॉक्टर की सलाह से खुजली और लालिमा में राहत देता है

नाखून छोटे रखें : खुजली में बच्चा खरोंच सकता है, जिससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है

साफ-सफाई का ध्यान रखें : काटे हुए हिस्से को साफ पानी से धोएं, गंदे हाथ न लगने दें

## इन बातों का रखें ध्यान

6 महीने से छोटे बच्चों पर केमिकल रिपेलेंट न लगाएं, घरेलू नुस्खों में सरसों का तेल, कपूर या तेज चीजें न लगाएं। बिना डॉक्टर की सलाह कोई क्रीम या दवा न लगाएं। बच्चों को बचाने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, फुल स्लीव कपड़े पहनाएं, घर में पानी जमा न होने दें

बेबी-सेफ मच्छर रिपेलेंट ही इस्तेमाल करें। अगर काटे हुए हिस्से पर बहुत ज्यादा सूजन हो बुखार आ जाए, बच्चा लगातार रो रहा हो, दाने फैलने लगें तो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## पेरेंट्स के लिए जरूरी बात

बच्चे मच्छरों के काटने से इम्यून नहीं होते, बल्कि उन्हें ज्यादा सावधानी की जरूरत होती है। सही इलाज और बचाव से बच्चों को खुजली, इंफेक्शन और गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है। बच्चों की सुरक्षा में छोटी सावधानी, बड़ी बीमारी से बचा सकती है।

# सोशल मीडिया के नए ट्रेंड से छोटे बच्चों में बढ़ा मेकअप क्रेज ,डॉक्टरों ने दी चेतावनी

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण अब छोटे बच्चे और टोडलर्स भी स्किनकेयर और मेकअप की ओर आकर्षित हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सिर्फ बच्चों की त्वचा को प्रभावित नहीं करता, बल्कि उनकी मानसिकता और सोच पर भी असर डाल रहा है।

बच्चों में स्किनकेयर और मेकअप का चलन क्यों बढ़ा?

आजकल बच्चे सोशल मीडिया वीडियो और ट्रेंड्स को देखकर मेकअप और स्किनकेयर प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करने की जिद करते हैं। उन्हें यह सब अपने पेरेंट्स या बड़े बच्चों के व्यवहार से प्रेरित होकर करना पसंद आता है। वैश्विक स्तर पर बच्चों के लिए ब्यूटी और स्किनकेयर मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। सालाना 1.5 बिलियन डॉलर का कारोबार सिर्फ बच्चों के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स से हो रहा है। भारत में भी कई कंपनियां बच्चों के लिए खास प्रोडक्ट्स लॉन्च कर रही हैं और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 60 से ज्यादा ऐसे प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं।

मनोवैज्ञानिकों की चेतावनी

मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि सोशल मीडिया की वजह से अब बचपन और जवानी की सीमा धीरे-धीरे मिटती जा रही है। बच्चे अपनी अहमियत दूसरों की तारीफों से आंकने लगते हैं। लंबे समय तक यह आदत मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकती है।

पेरेंट्स के लिए सलाह

डॉक्टरों और मनोवैज्ञानिकों ने माता-पिता को सलाह दी है कि बच्चों को बिना समझाए सख्ती से रोकने की बजाय प्यार से समझाएं। बच्चों को केवल फेसवॉश और मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करने दें और मेकअप के बजाय स्वच्छता और बुनियादी स्किनकेयर पर ध्यान देना सिखाएं। बच्चों के लिए बढ़ती ग्लास स्किन और मेकअप की चाह को देखते हुए यह जरूरी है कि पेरेंट्स बच्चों की स्किन और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें और उन्हें सही दिशा में गाइड करें।





# विंटर केयर: सर्दियों में बच्चों को कितनी बार नहलाना चाहिए? जानें सही तरीका

**सर्दियों का मौसम छोटे बच्चों के लिए थोड़ा नाजुक होता है। ठंडी हवा और सूखा मौसम बच्चों की त्वचा और सेहत पर जल्दी असर डालता है। इस मौसम में बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है और उनकी त्वचा रूखी होने लगती है। इसलिए माता-पिता को बच्चों की देखभाल में खास ध्यान देने की जरूरत होती है, खासतौर पर नहलाने को लेकर। अक्सर साफ-सफाई के चक्कर में की गई छोटी सी गलती भी बच्चों को सर्दी, खांसी या त्वचा की परेशानी में डाल सकती है। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही सर्दियों में बच्चों को नहलाने के मामले में संयम बरतने की सलाह देते हैं।**

## क्या सर्दियों में बच्चों को रोज नहलाना जरूरी है?

नहीं, सर्दियों में बच्चों को रोज नहलाने की जरूरत नहीं होती। रोज नहलाने से त्वचा के नेचुरल ऑयल खत्म हो जाते हैं, जिससे त्वचा और बाल ज्यादा रूखे हो सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार, सर्दियों में बच्चों को हफ्ते में 2 से 3 बार नहलाना पर्याप्त होता है।

## आयुर्वेद क्या कहता है?

आयुर्वेद के मुताबिक, सर्दियों में वात दोष बढ़ जाता है। बार-बार नहाने से वात और बढ़ सकता है, जिससे बच्चों को सूखी त्वचा, सर्दी और खांसी की समस्या हो सकती है।

## बच्चों के बालों की सही देखभाल

छोटे बच्चों की स्कैल्प बहुत संवेदनशील होती है। सामान्य तौर पर हफ्ते में 1 से 2 बार बाल धोना काफी है। अगर बाल ज्यादा ऑयली हों तो 2 से 3 बार धोए जा सकते हैं। सूखे या घुंघराले बालों को 7 से 10 दिन में एक बार धोना बेहतर होता है। बाल धोने के बाद हल्का सा तेल लगाना फायदेमंद रहता है।

## बच्चों को नहलाते समय रखें ये जरूरी सावधानियां

हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। बच्चे को सुबह धूप निकलने के बाद या दोपहर में नहलाएं। नहाते समय कमरे के दरवाजे बंद रखें ताकि ठंडी हवा न लगे। नहलाने के तुरंत बाद तौलिए से अच्छे से सुखाएं। बच्चे को गर्म कपड़े और मोजे पहनाएं ताकि शरीर की गर्मी बनी रहे। सर्दियों में बच्चों को जरूरत से ज्यादा नहलाना नुकसानदायक हो सकता है। सही संख्या, सही समय और सही तरीके से नहलाकर ही बच्चों को ठंड से सुरक्षित रखा जा सकता है।





# बच्चे के जन्म के बाद यह एक गलती बिल्कुल नहीं करनी चाहिए

गाइनेकोलॉजिस्ट का कहना है कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद नई मां को एक बड़ी गलती से बचना चाहिए। अगर यह गलती हो जाए, तो आगे चलकर शरीर में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं सामने आ सकती हैं। इसलिए डिलीवरी के बाद खुद का सही ख्याल रखना बेहद जरूरी है। डिलीवरी के बाद महिला का शरीर काफी कमजोर हो जाता है। इस दौरान सही पोषण, आराम और हल्की-फुल्की गतिविधियां करना बहुत जरूरी होता है ताकि शरीर जल्दी ठीक हो सके। लेकिन कई नई मां अनजाने में एक गलती कर देती हैं, जो उनकी सेहत पर लंबे समय तक असर डाल सकती है।

## डिलीवरी के बाद पूरी तरह बेडरेस्ट करना गलत है

डॉ. ने एक इंस्टाग्राम वीडियो में बताया कि पोस्टपार्टम के दौरान कई तरह के मिथक फैले हुए हैं। सी-सेक्शन या नॉर्मल डिलीवरी के बाद महिलाएं अक्सर सोचती हैं कि उन्हें पूरी तरह बिस्तर पर रहना चाहिए। लेकिन यह बिल्कुल सही नहीं है। बेहतर रिकवरी के लिए हल्की वॉक जरूरी डॉ. हैं कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद ज्यादा समय तक एक ही पोजिशन में लेटे रहने से मांसपेशियां अकड़ जाती हैं। इससे लंबे समय तक पीठ दर्द, हाथ-पैरों में दर्द और कमजोरी की समस्या बनी रहती है।

## पैरों में खून का थक्का जमने का खतरा

एक्सपर्ट के अनुसार, प्रेग्नेंसी के दौरान खून में बदलाव होते हैं, जो डिलीवरी के बाद भी बने रहते हैं। अगर नई मां लंबे समय तक बिस्तर पर लेटी रहती हैं, तो उनके पैरों में खून का थक्का (ब्लड क्लॉट) बनने का खतरा बढ़ जाता है। यह एक गंभीर समस्या हो सकती है और समय पर ध्यान न दिया जाए तो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकती है।

डिलीवरी के बाद हल्की वॉक शुरू करें। लंबे समय तक एक ही पोजिशन में न रहें। मांसपेशियों की अकड़न को रोकने के लिए स्ट्रेचिंग और हल्की एक्सरसाइज करें। अपने डॉक्टर से हमेशा सलाह लेकर ही गतिविधियां बढ़ाएं। इस तरह छोटी सी सावधानी से नई मां दर्द, कमजोरी और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकती हैं और जल्दी ठीक हो सकती हैं।

# बच्चे को स्कूल भेजने से पहले कभी नहीं करने चाहिए ये काम

## बिगड़ जाएगा दिन, पढ़ाई में भी नहीं लगेगा मन

**अक्सर ही जाने-अनजाने में पैरेंट्स सुबह के समय ऐसे काम कर देते हैं जिनसे बच्चे का पूरा दिन स्कूल में खराब हो सकता है. ऐसे में आप भी जान लीजिए कौनसी हैं ये गलतियां जिनसे परहेज किया जाना जरूरी है.**

सुबह का समय घर में बेहद उथल-पुथल वाला होता है. किसी को खाना बनाने की टेंशन रहती है तो किसी को ऑफिस जाने की. वहीं, बच्चे स्कूल जाने की तैयारी में लगे रहते हैं. कहते हैं सुबह व्यक्ति अच्छे मूड से बाहर निकलता है तो उसका दिन भी अच्छा जाता है और अगर सुबह ही मूड ठीक ना रहे तो दिनभर चिड़चिड़ाहट होती है और किसी काम में मन नहीं लगता. यह बात बच्चों पर भी लागू होती है. अगर सुबह के समय घर का माहौल ठीक ना रहे या पैरेंट्स कुछ ऐसा कह दें जिससे बच्चे का मूड खराब हो जाए तो स्कूल का पूरा दिन भी अच्छा नहीं बीतता है. ऐसे में यहां ऐसी ही 5 गलतियों का जिक्र किया जा रहा है जिन्हें पैरेंट्स को सुबह बच्चे को स्कूल भेजने से पहले करने से बचना चाहिए.

### बच्चों पर चिल्लाना

सुबह के समय बच्चे को चिल्लाकर उठाने या फिर बच्चे पर चिल्लाने से परहेज करना चाहिए. इससे बच्चे का पूरा दिन खराब हो सकता है. बच्चे को आराम से जगाना चाहिए और उसे अच्छे मूड के साथ ही स्कूल भेजने की कोशिश करनी चाहिए. इससे बच्चे के दिन की शुरुआत पॉजीटिव होती है.

### बच्चे को रुलाकर स्कूल भेजना

अक्सर ही जब सुबह बच्चे को डांटा जाता है या उससे कठोर आवाज में बात की जाती है तो इससे बच्चा रोने लगता है.

पैरेंट्स को लगता है कि यह बच्चे का स्कूल ना जाने के लिए एक और नाटक है और इसीलिए वे उसे रोता हुआ ही स्कूल भेज देते हैं. लेकिन, ऐसा नहीं करना चाहिए. इससे बच्चे का दिन बिगड़ जाता है.

### कठोर बातें कहकर स्कूल भेजना

बच्चे को कठोर बातें कहकर स्कूल नहीं भेजना चाहिए. माना पैरेंट्स चाहते हैं कि बच्चा स्कूल में जाकर पढ़ने पर ध्यान दे और आनाकानी ना करे, लेकिन इसके लिए उसे कठोर बातें कहना या ऐसी बातें कहना जो उसके मन को ठेस पहुंचाती हैं, सही नहीं हैं. कोशिश करनी चाहिए कि बच्चे को अच्छी बातें कहकर या प्यार से बातें समझाकर ही स्कूल भेजा जाए.

### आपके लिए और..

ऐसा कौन सा शहर है जिसे हम खा सकते हैं? जबाव बताओ

द?ि ल?ली वालों की 100 रुपये में मौजां ही मौजां, जेब में हैं बस 100 रुपये तो भी द?ि ल?ली की सैर कर सकते हैं आप, जानें कैसे

50 की उम्र में भी दिखेंगी 25 की, बस रोज रात को सोने से पहले करें इस अंग की मालिश



### घर में हबड़-तबड़ मचाना

कई बार पैरेंट्स लेट उठते हैं और फिर बच्चे को लेट उठाते हैं जिससे घर में हबड़-तबड़ का माहौल हो जाता है. इससे बच्चे को समझ ही नहीं आता कि हो क्या रहा है और कई बार यह हड़बड़ाहट किसी बर्तन के टूटने की वजह बन जाती है या इससे बच्चे को घबराहट होने लगती है. इसीलिए ऐसा नहीं करना चाहिए.

### जल्दबाजी में नाश्ता करवाना

अगर नाश्ता सही तरह से, समय लेकर और अच्छे से चबा-चबाकर ना किया जाए तो इससे तो बड़ों का ही पेट बिगड़ने लगता है, तो बेचारे मासूम बच्चे कैसे पेट की दिक्कतों से बचेंगे. अगर बच्चों को जल्दी-जल्दी नाश्ता करवाया जाए तो इससे बच्चे के पेट में गैस बन सकती है, पेट में दर्द हो सकता है और एसिडिटी या जी मितलाने की दिक्कत से दोचार होना पड़ सकता है. इसीलिए बच्चे को समय से उठाएं और आराम से नाश्ता करने के लिए कहें.

# डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष केके गुप्ता फिर से बने राजस्थान के स्वच्छता एम्बेसेड

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.जयपुर।**



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य समन्वयक और डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष केके गुप्ता को राज्य सरकार ने एक बार फिर से राजस्थान का स्वच्छता एम्बेसेडर नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर स्वायत्त शासन विभाग द्वारा विभाग के आयुक्त एवं शासन सचिव रवि जैन के हस्ताक्षर से उक्त संदर्भ में आदेश जारी किया गया है। केके गुप्ता पूर्व में भी दो बार राज्य सरकार के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर रहे है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए स्वच्छता अभियान को अपने जीवन का मुख्य लक्ष्य बनाया है और पूरे जुनून के साथ अपनी सारी ताकत इसमें झोंक इस अभियान को सफल बनाने में दिन रात जुटे हुए है। गुप्ता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संसदीय क्षेत्र गुजरात की राजधानी गांधीनगर से सटी ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया है।जिसकी वजह से इन ग्राम पंचायतों को देश भर में अव्वल रहने का सम्मान मिला है। गुप्ता की सेवाओं को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा भी लिया है। केके गुप्ता को विशेष रूप से डूंगरपुर मॉडल के लिए जाना जाता है। उनके मार्गदर्शन में डूंगरपुर जिले ने स्वच्छता सर्वेक्षणों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और डूंगरपुर को राज्य का पहला खुले में शौच मुक्त शहर बनाया। केके गुप्ता को विशेष रूप से डूंगरपुर मॉडल के लिए जाना जाता है। उनके मार्गदर्शन में डूंगरपुर जिले ने स्वच्छता सर्वेक्षणों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और प्रदेश ही नहीं, देश और विदेश में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्हें माननीय न्यायालयों ने न्याय मित्र मनोनीत कर राजस्थान के शेखावाटी और मेवाड़ अंचल की स्थानीय निकायों में भी स्वच्छता आंदोलन की बागडोर सौंपी है। राज्य के दूसरे सबसे बड़े शहर जोधपुर का नगर विकास प्रन्यास भी उनकी विशेषज्ञ सेवाओं, अनुभवों और सुझावों को क्रियान्वित कर रहा है तथा माननीय उच्च न्यायालय को भी इससे अवगत कराया है। यही कारण है कि सरकार ने उनके अनुभव और कार्यकुशलता पर फिर से भरोसा जताया है। राज्य सरकार द्वारा सौंपे गए नवीन दायित्व के तहत केके गुप्ता राज्य के शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता को सशक्त करेंगे। स्वायत्त शासन सचिव द्वारा जारी आदेश में सभी जिला कलेक्टरों को जिला स्तर और राज्य के सभी निकायों में स्थानीय निकायों के प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर केके गुप्ता की अध्यक्षता में बैठकें आयोजित कर स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने तथा उनके द्वारा बताए गए पालना रिपोर्ट को सात दिन में स्वागत शासन विभाग को प्रेषित करेंगे। इन बैठकों में स्थानीय निकायों के महापौर, सभापति, अध्यक्षों और पार्षदों को भी आमंत्रित करने के साथ ही डूंगरपुर मॉडल के कार्यों का प्रजेंटेशन करने के निर्देश दिए गए है। गुप्ता को राज्य के सभी सर्किट हाउसों में राजकीय अ-1 श्रेणी में ठहरने की सुविधा भी दी जाएगी। केके गुप्ता ने राजस्थान के स्वच्छता एम्बेसेडर जिम्मेदारी फिर से मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट करते कहा कि स्वच्छ राजस्थान का सपना तभी साकार होगा। जब हर नागरिक इसे अपना अभियान माने। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, सम्मान और विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। गुप्ता ने कहा कि वे प्रदेश के हर जिले में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और नवाचार को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे।

# संत रैदास की जयंती पर समतामूलक समाज पर विचार गोष्ठी आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**




संत शिरोमणि गुरु रैदास की जयंती के अवसर पर 'संत रैदास का समतामूलक समाज और आज का भारत' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन सर्वहारा जन मोर्चा, झुंझुनूं के बैनर तले भगत सिंह पार्क में किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता इंजीनियर मालीराम वर्मा ने की।कार्यक्रम की शुरुआत संत रैदास के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने संत रैदास की बेगमपुरा की अवधारणा पर विस्तार से विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि बेगमपुरा एक ऐसे समाज की परिकल्पना है, जो वर्ग, वर्ण, जाति एवं हर प्रकार के सामाजिक भेदभाव से मुक्त हो।विचारकों ने कहा कि इस परिकल्पना को वास्तविक रूप देने के लिए श्रम के शोषण और निजी संपत्ति पर आधारित सामाजिक व्यवस्था के स्थान पर शोषण-मुक्त और समतामूलक व्यवस्था की आवश्यकता है। इसके लिए संत रैदास की आध्यात्मिक अवधारणा को वर्ग-चेतना आधारित संघर्ष से जोड़ना अनिवार्य है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि कार्ल मार्क्स के ऐतिहासिक एवं द्वंदात्मक भौतिकवादी दर्शन ने संत रैदास की बेगमपुरा की कल्पना को ठोस वैचारिक आधार प्रदान किया है। आज के बदलते आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य में समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व पर आधारित समाज का निर्माण इसी दृष्टिकोण से संभव है।

विचार गोष्ठी में सर्वहारा जन मोर्चा के बजरंग लाल एडवोकेट, महेश चौमाल, लियाकत अली, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा, डॉ. जगदीश बरवड़, दयानंद यादव, शुभकरण महला, बालाराम मेघवाल, फूलचंद बुडानिया, सहदेव कसवां, लीलाधर डिगरवाल एवं बलवान बलवदा सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रामनिवास बेनीवाल, धर्मपाल सिंह डारा, भगतसिंह कालेर, बनवारीलाल, त्रिलोक सिंह, रामदेव सिंह, आसपा नेता महेन्द्र सिंह चारावास, रामनारायण झाझडिया, ओमप्रकाश तेतरवाल, अजीत सिंह फौगाट, सदाकत अली, रामजीलाल झाझडिया, रामकुमार हरिपुरा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बजरंग लाल एडवोकेट ने किया।

# आजाद महोत्सव 2026 आयोजित: कवियों की कलम से मैदान तक, KCL-2 पर दबंग दिनकर का कब्जा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.महवा।**




**मनोज खंडेलवाल ।** महवा में आज़ाद कलम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित आज़ाद महोत्सव-2026 ने साहित्य और खेल के सशक्त समन्वय के साथ अपनी प्रभावशाली छाप छोड़ी। देश के विभिन्न राज्यों से आए 60 से अधिक कवियों की सहभागिता वाले इस महोत्सव ने महवा को कुछ दिनों के लिए रचनात्मक ऊर्जा, विचारों की गूंज और खेल भावना का जीवंत केंद्र बना दिया। दिन में कवि क्रिकेट लीग के द्वितीय संस्करण का रोमांच और रात्रि में कवि सम्मेलन की सशक्त प्रस्तुति ने आयोजन को विशिष्ट पहचान दी। कवि क्रिकेट लीग-2 में निराला नाइट राइडर्स, जायसी इलेवन, सुन्दरदास लीजेंड्स और दबंग दिनकर की चार टीमों ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ मैदान में दमखम दिखाया। सेमीफाइनल मुकाबलों में दर्शकों को आखिरी गेंद तक रोमांच देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में जायसी इलेवन द्वारा दिए गए 100 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दबंग दिनकर ने अंतिम गेंद पर जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सुन्दरदास लीजेंड्स ने निराला नाइट राइडर्स को पराजित कर खिताबी मुकाबले का रास्ता बनाया। फाइनल मुकाबला संतुलन, रणनीति और धैर्य की परीक्षा साबित हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुन्दरदास लीजेंड्स ने 76 रन बनाए, लेकिन जवाब में दबंग दिनकर ने आक्रामकता और संयम का बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए लक्ष्य हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। इस तरह कड़ी टक्कर, खेल भावना और अनुशासन से सजी च्षटरु2 की विजेता दबंग दिनकर बनी, जबकि सुन्दरदास लीजेंड्स को उपविजेता संतोष करना पड़ा। पूरे टूर्नामेंट में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अरुण शर्मा को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। समापन अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार वंदना यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संस्था के संरक्षक राजेन्द्र सिंह यादव, अध्यक्ष नवल घुनावत और आयोजन संयोजक ओमप्रकाश हिंगोटा के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों, कवियों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि आज़ाद महोत्सव आने वाले वर्षों में साहित्य और खेल को जोड़ने वाला एक मजबूत राष्ट्रीय मंच बनेगा।

# संत रविदास जयंती पर सामाजिक समरसता का संदेश

## दौसा के कबीर मंदिर में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.दौसा।**




**मनोज खंडेलवाल ।** जिले में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती श्रद्धा, अनुशासन और सामाजिक समरसता के भाव के साथ कबीर मंदिर, छोटी दौसा में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संत गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई, जिसके पश्चात संत और मंदिर के पुजारी का माला व शॉल ओढ़ाकर तथा दक्षिणा भेंट कर सम्मान किया गया। आयोजन के दौरान केंद्र सरकार के बजट भाषण का सामूहिक श्रवण कराया गया, जिसमें सामाजिक उत्थान और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण से जुड़े प्रावधानों पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव का आयोजन कर स्वच्छ समाज, सांस्कृतिक चेतना और सकारात्मक मूल्यों का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. मुकेश गर्ग, प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश जेदिया, वरिष्ठ नेता राजेंद्र जिंदल, जिला संयोजक ओमप्रकाश बैरवा मंडावर, श्रवण लाल वर्मा, मनीष पहाड़िया, रामकिशन मंडल अध्यक्ष शहर दौसा, गिर्राज बैरवा मंडल अध्यक्ष मंडावर, आर.के. वर्मा, विनोद कुमार, महेंद्र, रवि कुमार, किशोरी लाल सहित बड़ी संख्या में मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पलसाना में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न; दीपक बारहठ के ओजस्वी भाषण ने खूब तालियां बटोरी

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पलसाना।**



कस्बे के रामलीला मैदान में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। निंबार्क संप्रदाय एवं श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर पलसाना के महंत मनोहर शरण शास्त्री के सानिध्य में प्रारंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कथावाचक पंडित मुक्तिलाल शास्त्री ने की । मुख्य वक्ता युवा कवि दीपक सिंह बारहठ एवं सूर्य प्रकाश थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सरस्वती वंदना और अतिथियों के सम्मान का कार्यक्रम हुआ। सम्मेलन में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिससे आयोजन में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा। हिंदू सम्मेलन मैं जूडो कराटे के विद्यार्थियों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत को भावपूर्ण बनाया।

महंत मनोहर शरण शास्त्री महाराज ने अपने संबोधन में सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक जीवन से जुड़ी बात कहते हुए समाज को एकजुट रहने की बात कही। कहा कि ऐसे कार्यक्रम से समाज को नई दिशा और ऊर्जा मिलती है। उन्होंने सर्व हिंदू समाज से एकजुट होकर सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। वीर रस के कवि दीपक सिंह बारहठ ने हिंदू समाज की संस्कृति और एकता पर अनेक मुक्तक एवं ओजस्वी भाषण देकर खूब तालियां बटोरी। कागज के टुकड़ों पर जिनके ईमान बिकाऊ है जीवन के स्वाभिमान की अभिलाषा वे क्या जाने जौहर की परिभाषा । जैसी पंक्तियां मंच समापन के बाद भी लोगों के मुंह पर गुनगुनाती रही।सम्मेलन के दौरान जैविक खेती के लिए मालीराम कुमावत, गौशाला संचालक के लिए मन्नू बुआजी किन्नर , गौ सेवा के लिए संजय अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल,आर्यन महर्षी, सेवार्थ फाउंडेशन के शिवराज सिंह शेखावत, शूटिंग के लिए दीपेंद्र सिंह, मदन लाल मीणा, खेल में गोल्ड मेडल दिलाने वाली यस्मिता कुमावत सहित 11 प्रतिभाओं को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रहे पंडित मुक्ति लाल शास्त्री ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए सम्मेलन के समापन की घोषणा की। इन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता लाना, सनातन संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण करना तथा हिंदू समाज को संगठित और मजबूत बनाना है।सम्मेलन के समापन के बाद सभी उपस्थित लोगों के लिए गोयल परिवार राजपुरा वालों की तरफ से राम प्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद रामचंद्र सिंह बिजारणिया एवं पं रामगोपाल चोटिया ने किया। इस दौरान पलसाना के प्रमुख मार्गो से होते हुए डीजे के साथ कलश यात्रा भी निकाली गई जिसका पुष्प वर्षा के साथ जगह-जगह शानदार स्वागत किया गया।

# पूर्णिमा पर श्याम भक्ति का सैलाब, महवा से 201 श्रद्धालु दो बसों व निजी वाहनों से खाटू श्याम रवाना

## विशाल भंडारे में निभाई सेवा, गूंजे बाबा के जयकारे

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.महवा।**



**मनोज खंडेलवाल ।** उपखंड मुख्यालय पर समाजसेवा और धार्मिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय श्याम सखा सेवा समिति महवा के तत्वावधान में रविवार को पूर्णिमा के पावन अवसर पर खाटू श्याम जी में आस्था, सेवा और समर्पण का अनुपम संगम देखने को मिला। समिति के अध्यक्ष नेमीचंद अग्रवाल खेड़ली वालों की अध्यक्षता में प्रातः आठ बजे महवा से श्याम बाबा के जयकारों के बीच दो बसों और निजी वाहनों में सवार होकर करीब 201 महिला-पुरुष श्रद्धालु खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुए। यात्रा के दौरान बसों में भजन-कीर्तन और जयघोष का माहौल बना रहा, श्रद्धालु मेहंदीपुर बालाजी, दौसा, सैथल, चौमू और रिंगस होते हुए खाटू पहुंचे, जहां बांदीकुई वालों की धर्मशाला के समीप सुबह से संचालित विशाल भंडारे में पहुंचकर पूरी निष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना के साथ प्रसादी वितरण में सहभागिता निभाई गई। सेवा कार्य संपन्न होने के बाद सभी श्याम भक्त एकजुट होकर जयकारे लगाते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंचे, जहां भजन-कीर्तन के साथ बाबा का भोग अर्पित किया गया और श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति के मीडिया प्रभारी गौपुत्र अवधेश अवस्थी ने बताया कि श्याम सखा सेवा समिति महवा द्वारा प्रत्येक माह पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं को खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए ले जाया जाता है और इसी परंपरा के तहत इस बार पूर्णिमा पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिससे सेवा और दर्शन दोनों का सौभाग्य एक साथ प्राप्त हुआ। अध्यक्ष नेमीचंद अग्रवाल ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल दर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा के माध्यम से समाज में समर्पण, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना है। इस पावन यात्रा और सेवा कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और बड़ी संख्या में श्याम भक्तों की सहभागिता रही, जिनमें कोषाध्यक्ष सतीश कानूनगो, मंत्री सुदीप गोयनका सहित अनेक वरिष्ठ सदस्य और महिलाएं शामिल रहीं।

# लक्ष्मणगढ़ पुलिस ने चलाया ड्राइव अनेक स्थानों पर दबिश देकर की आकस्मिक चैंकिंग



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।**

लक्ष्मनगढ पुलिस की ओर से रविवार को एक ड्राइव चलाया गया।जानकारी के अनुसार पूरे जिले में जिला पुलिस की ओर से चलाए गए ड्राइव के दौरान अनेक स्थानों पर दबिश देकर आकस्मिक चैंकिंग की गई। लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक राजाराम लेघा ने बताया कि पुलिस की अलग अलग टीमें बनाकर विभिन्न थाना क्षेत्र में जोहड़, तलाईयों और खारड़ा में बाहर से आकर डेरों में, झुग्गियों में रह रहे बावरी, कंजर एवं बंजारा, साटिया इत्यादि के डेरे की आकस्मिक चेकिंग की गई। इस दौरान डेरों में रह रहे लोगों के पहचान एवं वाहनों का सत्यापन किया गया और तलाशी ली गई । थानाधिकारी ने बताया कि डेरो में आ रहे बाहरी संदिग्धों के चोरी के संबंध में पड़ताल की गई। लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के बगड़ी, छिछास, अलखपुरा, बीहड़ लक्ष्मणगढ़, भूमा इत्यादि क्षेत्र में डेरे, झुग्गियों की अकस्मात चेकिंग थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक राजाराम लेघा के नेतृत्व में एवं थाने की टीमों द्वारा दबिश दी गई।

# भाजपा नेता लखोटिया ने केन्द्रीय बजट सत्र में लिया भाग, भाजपा प्रदेश के साथ पहुंचे लोकसभा



**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किए बजट को सुनने व लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही में शामिल होने के लिए भाजपा नेता श्री कुमार लखोटिया दिल्ली पहुंचे। भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक श्री कुमार लखोटिया ने राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के साथ राज्यसभा की कार्यवाही में भाग लिया जबकि राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व चितौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी के साथ लोकसभा की कार्रवाई में भाग लिया तथा केन्द्रीय मंत्री की ओर से प्रस्तुत किए बजट को सुना। इस दौरान लखोटिया ने संसद की कार्रवाई को देखा। उन्होंने केन्द्रीय बजट पत्र अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पत्रकारों को आम जन के लिए उपयोगी बताते हुए कल्याणकारी बताया।

# भीम प्रज्ञा की खबर का असर: शिक्षा मंत्री ने लिया संज्ञान, इंस्पायर अवार्डी बाल वैज्ञानिक मयंक मेघवाल का किया सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़ / झुंझुनू**





www.bheempragya.in [भीम प्रज्ञा] Vividh 2 सोमवार 26 जनवरी, 2026

शिक्षक अपनी पीठ थपथपाते रहें, प्रतिभा रह गई हाशिये पर

झुंझुनू में दलित छात्र की राष्ट्रीय उपलब्धि पर चुप्पी, सम्मान सूची से नाम गायब

दैनिक भीम प्रज्ञा द्वारा वंचित प्रतिभाओं की आवाज़ उठाने का असर एक बार फिर देखने को मिला। लांबी अहीर क्षेत्र के राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र मयंक मेघवाल, जो झुंझुनू जिले की एकमात्र प्रतिभा हैं और जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर अवार्ड प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया, उन्हें ब्लॉक एवं जिला स्तर की गणतंत्र दिवस सम्मान सूची में शामिल नहीं किए जाने का मामला भीम प्रज्ञा न्यूज़ ने प्रमुखता से लीड खबर के रूप में प्रकाशित किया था।

खबर प्रकाशित होते ही शिक्षा विभाग में हलचल मच गई। इसी क्रम में राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर झुंझुनू जिले के दौरे पर आए। लांबी सहड़ स्थित शहीद सुरेश कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित इंग्लिश मीडियम बाल वाटिका उद्घाटन समारोह के दौरान मंत्री दिलावर ने मंच से संबोधन से पूर्व इंस्पायर अवार्डी बाल वैज्ञानिक मयंक मेघवाल को विशेष रूप से मंच पर बुलाकर स्वयं के हाथों से सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शिक्षा मंत्री ने मयंक की वैज्ञानिक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना गर्व का विषय है और ऐसी प्रतिभाओं को हर स्तर पर प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इस अवसर पर हॉकी वाली सरपंच नीरू यादव ने शिक्षा मंत्री को मयंक मेघवाल की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए उसकी छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाने में अहम भूमिका निभाई और उसका हौसला बढ़ाया। गौरतलब है कि जिस प्रतिभा को पहले शिक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा नजरअंदाज कर सम्मान सूची तक में शामिल नहीं किया गया था, वही अधिकारी और जिम्मेदार अब मंच के आसपास खड़े होकर प्रतिभा का गुणगान करते नजर आए। दैनिक भीम प्रज्ञा अखबार में तथ्यात्मक रूप से प्रकाशित खबर के बाद स्थानीय शिक्षा प्रशासन हरकत में आया और मयंक मेघवाल की शैक्षणिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी लेने अधिकारी उसके घर तक पहुंचे। यह प्रकरण न केवल संवेदनशील पत्रकारिता का उदाहरण है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि जब मीडिया ईमानदारी से वंचितों की आवाज़ उठाता है, तो व्यवस्था को झुकना पड़ता है।

दैनिक भीम प्रज्ञा की खबर का असर यह रहा कि एक उपेक्षित प्रतिभा को उसका सम्मान और पहचान मिली, जो लोकतंत्र और पत्रकारिता की सशक्त भूमिका का जीवंत उदाहरण है।

# मावलियों की ढाणी में सुख समृद्धि और शांति के लिए युवाओं ने लगाई मावली माता की परिक्रमा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।**



समीपवर्ती मावलियों की ढाणी के युवाओं ने गांव की परम्परा को निभाने की पहल करते हुए करीब दो दशक बाद शनिवार को पुनः शुरू करते हुए गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए पूरे गांव की दूध की परिक्रमा की तथा 4 किलोमीटर की दूरी 31 मिनट में पूरी की। गांव युवाओं ने बताया कि 20 पूर्व गांव की परिक्रमा की गई जो इस बार पुनः शुरू की गई। उन्होंने बताया कि मावली माता की परिक्रमा एक क्विंटल दूध,एक क्विंटल पानी, तिल ,जौ व बालाजी का सिंदूर की संपूर्ण गांव की सीमाओं पर कार लगाई। उन्होंने बताया कि गांव के विकास,सुख शांति समृद्धि और खुशहाली के लिए यह परिक्रमा की गई जो मावली माता मंदिर के पीछे स्थित पौधे से शुरुआत की गई तथा वापस उसी स्थान पर समापन की गई।

# ब्रास संस्थान ने संत रविदास जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।**



शहर के वार्ड नंबर 40 में स्थित रविदास मंदिर में डॉ. भीमराव आंबेडकर आदर्श समाज संस्थान (ब्रास) के कार्यकर्ताओं द्वारा रविदास जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । संस्थान के सदस्य कुलदीप भगत ने बताया कि मंदिर प्रांगण में महंत महेंद्र नाथ के सानिध्य में तथा भाजपा विधायक प्रत्याशी राजेश दहिया के मुख्यातिथ्य में जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया । रविदास मंदिर के सम्पूर्ण परिसर को गुब्बारों से सजाया गया। तथा समस्त रविदास अनुयायियों को खीर का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सुनील मेहरा, बाबूलाल वर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, पवन भुकल ,खेमचंद बरवड़ ,दिनेश महारानियां, दयानंद महारानियां, मंगेश भगत, विकास बुलानिया, मक्खन, विजय पाटिल, संजय सूनिया, कर्मवीर बुडाना,अजब सिंह, विजेंद्र सिंह,महेश महारानियां, मुकेश महारानियां, अरविंद भगत, अनिल मेहरा, लीलाधर महारानियां, बाबूलाल , विक्की महारानियां, रामू मेघवाल ओजटू, नवीन माहिच ओजटू, किशन लाल, निहार मेहरा आदि शहरवासी उपस्थित रहे ?

# होली का रोपा डांडा की विधि-विधान पूजा अर्चना

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।**

माघ पूर्णिमा को यहां होली का डांडा रोपण विधि विधान से किया जाकर पूजा अर्चना की गई। फाल्गुन माह शुरु होने के साथ ही पंचायत समिति कार्यालय के सामने वार्ड संख्या 36 में विद्वान पंडित गोपाल जोशी द्वारा विधि विधान के साथ पुजा अर्चना करके होली के डंडे का? रोपण करया। इस अवसर पर सुरेश गौड़, राकेश सैनी, बसंत पारीक, राजेन्द्र सैनी, बाबुलाल गौड़, सुनील सैनी, मनोज जाजम, गोपाल गौड़, श्याम सुंदर गौड़सहित वार्डवासी व गणमान्य जन उपस्थित थे।



# फाल्गुन का डांडा रोपण कार्यक्रम आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा** । शहर में स्थित सात बत्ती पर राजपूत समाज के सानिध्य से सर्व समाज ने फाल्गुन माह की शुरुआत पर होली पर्व का डांडा रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जानकारी के अनुसार हिंदू रीति रिवाज के अनुसार राजपूत समाज के लोगों ने परंपरागत अनुसार होली के पर्व को लेकर सात बत्ती पर शाम 5:30 बजे फाल्गुन माह का डांडा रोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। होली का पर्व 3 मार्च के चलते फाल्गुन माह की शुरुआत होने पर युवाओं और बुजुर्गों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद दशरथ सिंह शेखावत, पिंटू शेखावत,झबर सिंह शेखावत, विनोद सिंह, रामपाल असवाल, सुरेंद्र सिंह सहित आदि थे।



### राजस्थान का पूर्णत निराशाजनक बजट

# राजस्थान के लिए कोई बड़ी परियोजना का जिक्र नहीं- एड.के के सैनी

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.उदयपुरवाटी।**

1 फरवरी 2026, रविवार को केंद्र सरकार का बजट, राजस्थान के हिसाब से पूर्णतया निराशाजनक बजट आया है, राजस्थान के लिए कोई बड़ी परियोजनाओं का जिक्र नहीं है, गांव गरीब, किसान, बेरोजगार व मजदूर जो गम्भीर गरीबी संकट से गुजर रहा है उसके लिए भी कोई प्रावधान नहीं है, ऐसे में पिछले कई सालों की तरह यह बजट भी कहना कुछ दिखाना कुछ कुल मिलाकर छलावा वाला बजट है। पेयजल संकट से गुजर रहा शेखावाटी क्षेत्र के लिए के लिए भी बजट में कोई विशेष योजना का शामिल नहीं करना,खोखलापूर्ण बजट है। बजट के दौरान ही शेयर बाजार की जबरदस्त गिरावट खराब बजट का जिता जागता उदाहरण है। फिर बाकी क्या यह गया।

# संत रविदास महाराज की 649 वी जयंती मनाई गई

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.खेतड़ी।**

कस्बे के टोडी मोहल्ला स्थित अम्बेडकर भवन में महान समाज सुधारक, कवि संत शिरोमणी रविदास महाराज की 649 वी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर संत शिरोमणी रविदास महाराज को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा सत्संग और प्रसादी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद हरमेंद्र चनानिया, जुगल किशोर बबेरवाल, प्रकाश फ़ौजी, गजानंद बबेरवाल, अशोक बबेरवाल, प्रमोद बबेरवाल, योगेश चनानिया, राजेंद्र मेहरड़ा, महेंद्र बबेरवाल, उमेश कुमावत, विक्की कुमार, सुशील कुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# फसल खराब मुआवजा व गौण मंडी को लेकर किसानों का धरना-प्रदर्शन, तिरंगा रैली निकाली

**भीम प्रज्ञा न्यूज़ नैनवां।**

**राकेश कुमार बैरवा** । किसान महापंचायत के जिला महामंत्री कजोड़ मल धाकड़ के नेतृत्व में नैनवां तहसील कार्यालय के बाहर किसानों का धरना प्रदर्शन एक माह से जारी हैं । किसान फसल खराबे का उचित मुआवजा , प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लंबित क्लेम का शीघ्र निस्तारण एवं नैनवा में स्वीकृत कृषि गोण मंडी को शीघ्र चालू करने की मांग कर रहे हैं। सैकड़ों किसानों ने आज 7 सुत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय नैनवां के बाहर से तिरंगा वाहन रैली शुरू की गई। यह तिरंगा रैली चुंगी नाका , गड़ चौक, पुराना बाजार , तालाब की पाल होते हुए उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंची , जहां पर सैकड़ों की संख्या में किसानों से 7 सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा जिसके बाद सभी किसान धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे। इस दौरान किसान महापंचायत के जिला महामंत्री कजोड़ मल धाकड़ ने कहा कि जब तक मांगों को मान नही लिया जाएगा तब तक धरना चलता रहेगा।



# जलदाय विभाग के कर्मचारी शिवनाथ सैनी के सेवानिवृत होने पर गणमान्य लोगों ने किया सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा** । शहर में चुंगी नंबर तीन के निकट कानु वाला कुआ निवासी शिवनाथ सैनी उर्फ़ एमपी जलदाय विभाग में सेवानिवृत्ति होने पर गणमान्य लोगों ने फूलमालाओं से मान सम्मान किया। जलदाय विभाग के कर्मचारी शिवनाथ सैनी उर्फ़ एमपी का पुराना बस स्टैंड पर स्थित जलदाय विभाग में कर्मचारीयों व कस्बे के लोगों ने उपहार व माला पहनकर मान सम्मान किया। जलदाय विभाग के कर्मचारी एमपी का डीजे व बैंड बाजा से बस स्टैंड, मुख्य बाजार,पंच बत्ती ,टिटेडा ,जांगिड़ कॉलोनी होते हुए उनके निवास स्थान कानू वाला कुआं तक स्वागत सत्कार का शानदार जुलूस निकाला गया। उनके निवास पर विधायक भगवाना राम सैनी,अध्यक्ष रामनिवास सैनी, पार्षद दीपक बागड़ी सहित आदि गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर सम्मान किया।



# कृषिका वेल्डिंग बाजार झुंझुनू एवं आवाम ग्रुप झुंझुनू के सौजन्य से ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस चौकी बीड़ को बैरिकेट भेंट किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनू।**

**सुमेर मीणा** । कृषिका वेल्डिंग बाजार झुंझुनूं के संचालक एवं आवाम ग्रुप के सदस्य सीताराम बास बुडाना ने बताया कि आज पुलिस चौकी बीड़ पर आवाम टीम ने उपस्थित होकर चौकी प्रभारी एएसआई रघुवीर सिंह एवं उनकी टीम को लोहे से निर्मित सुसज्जित एक बैरिकेट भेंट किया ताकि यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने हेतु काम में ले सके। यह बैरिकेट पुलिस चौकी बीड़ के स्टाफ द्वारा चिड़ावा दिल्ली मार्ग पर नाकाबंदी करने में काम में लिया जाएगा। अजय वर्मा ने पोस्टर से ट्रैफिक रूल्स को ध्यान में रखने हेतु संदेश दिया। इस दौरान चौकी प्रभारी एएसआई रघुवीर सिंह, कांस्टेबल होशियार सिंह, सीताराम बास बुडाना, स्टेशन मास्टर संजीव बारूपाल,इंद्राज सिंह भूरिया, राजेश हरिपुरा, महेश जसरापुर, अजय वर्मा,मदनलाल गुडेसर, संदीप टंडन आदि उपस्थित रहे।




# सिंघाना में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.सिंघाना।**

रविवार को सिंघाना नगरपालिका क्षेत्र में आमजन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रैनबौ सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नारनौल रोड, बुढ़ाना मोड़, सिंघाना में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हुआ। स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा न्यूरोसर्जरी, हड्डी एवं जोड़ रोग, हृदय रोग, सामान्य चिकित्सा, कान-नाक-गला तथा बाल रोग से संबंधित निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में 250 से ज्यादा मरीजों को निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ आवश्यक दवाइयाँ, प्रमुख जाँचें एवं हड्डियों की जाँच (बीएमडी) की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जाँच, संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया। डॉ. सुभाष सैनी ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराना तथा गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करना है। शिविर को लेकर स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया और लोगों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना की।




# युवा शक्ति के हाथों में हो देश की बागडोर, तभी सुरक्षित रहेगा सनातनः स्वामी प्रशांतानंद

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।**

शहर के विवेकानंद चौक स्थित डालमिया का नोहरा (रामलीला स्थल) में वीर सावरकर बस्ती के तत्वावधान में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता और राष्ट्रवाद पर पुरजोर तरीके से अपने विचार रखें। मुख्य अतिथि खेतड़ी रामकृष्ण मिशन के स्वामी प्रशांतानंद ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'यदि हम एकजुट होकर धर्म के प्रति मजबूती से खड़े रहेंगे, तभी देश का उत्थान संभव है।' उन्होंने देश की सुरक्षा के प्रति सचेत करते हुए कहा कि अराजक तत्वों और विघटनकारी शक्तियों को रोकने के लिए स्वामी विवेकानंद के पदचिह्नों पर चलते हुए युवा शक्ति को नेतृत्व संभालना होगा। उन्होंने बच्चों को बाल्यावस्था से ही भारतीय संस्कृति, भाषा और सभ्यता के संस्कार देने पर बल दिया।

विशिष्ट अतिथि वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने मंगलाचरण के साथ कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिंदू शक्ति का जागरण समय की मांग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केवलदास मंदिर के महंत जयराम स्वामी ने की। समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीराम, भारत माता और संत रविदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष रविकांत शर्मा पचेरीवाला, सचिव अशोक पुजारी, शंकरलाल वर्मा, अरविंद दाधीच और बद्रीप्रसाद भटैया सहित अन्य अतिथियों को भारत माता की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। विशेष आकर्षण कलश यात्रा में शामिल महिलाओं के लिए निकाला गया लकी ड्रा (कूपन) रहा, जिसमें विजेता महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।



# बाबा उमदसिंह छतरी धाम में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.बुहाना।**

रविवार को बाबा उमदसिंह छतरी धाम प्रांगण में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत देवराधाम से निकाली गई कलश यात्रा से हुई, जिसमें 10 महिलाओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक झांकी मुख्य बाजार से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा के उपरांत सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धापूर्वक हवन सामग्री की आहुतियां दी गईं। कार्यक्रम स्थल पर सनातन साहित्य पुस्तक भंडार भी लगाया गया, वहीं महापुरुषों की चित्रमाला ने आयोजन की भव्यता को और अधिक बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्यामा किशन, विभाग संयोजक स्वदेशी जागरण मंच, ने भारतीय संस्कृति और गौवंश संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष में चलाए जा रहे पंच परिवर्तन की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। डॉ. अशोक कुमार ने आपसी भेदभाव त्याग कर हिन्दू एकता को मजबूत करने का आह्वान किया, जिससे राष्ट्र और देश की एकता व अखंडता बनी रह सके। कार्यक्रम में मंचासीन इन्द्रपाल, रणवीर भगत सहित अनेक साधु-संतों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कुटुम्ब प्रबोधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु भागीरथ रांगेय, महेन्द्र भारद्वाज एवं बलबीर यादव को सम्मानित किया गया। वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रभुराम कलाखरी एवं गुरामप्रताप नाडिया (बुहाना) को पर्यावरण प्रेमी सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन समिति के सदस्य दशरथ सिंह, राजपाल सिंह, भरत बोहरा, रतनसिंह तंवर, राजेश रांगेय, अनिल नाडिया, जगदीश सिंह, ललित वर्मा, प्रदीप शर्मा, रविन्द्र सांखला, सुरेन्द्र नाडिया, रमेश सिंह, पंकज मोट्याण, जसवंत सिंह, विनोद यादव, वेदप्रकाश, नागेडा धर्मा, नरेश सिंह, अरविंद मान, गिरखर सिंह, रामावतार जांगिड़, सुरेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।



# एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन में 'मेगा PTM संपन्न; 2177 अभिभावकों और विद्यार्थियों ने की शिरकत

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिड़ावा।**

झुंझुनूं रोड स्थित क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एम.डी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन में रविवार को विशाल 'शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन' का आयोजन किया गया। शिक्षा, अनुशासन और छात्र विकास के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में एम.डी. करियर लाइन, एम.डी. सीनियर सेकेंडरी और एम.डी. लिटिल फ्लावर स्कूल के कुल 2177 विद्यार्थियों व अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन सुनील कुमार डांगी, डायरेक्टर समित डांगी एवं मैनेजमेंट सदस्यों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ किया। इस मेगा PTM का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और अभिभावकों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर छात्रों के शैक्षिक प्रदर्शन में सुधार लाना रहा। और शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थी का रिपोर्ट कार्ड साझा कर उनकी ताकत और कमजोरियों पर व्यक्तिगत चर्चा की। छात्र के सर्वांगीण विकास के लिए घर और स्कूल के बीच एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम बनाने पर सहमति बनी। पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन, नियमित उपस्थिति और व्यवहारिक सुधार हेतु अभिभावकों को सुझाव दिए गए। चेयरमैन सुनील कुमार डांगी ने कहा कि 'PTM केवल संवाद का जरिया नहीं, बल्कि छात्र के भविष्य को गढ़ने की एक संयुक्त योजना है।' अभिभावकों ने भी संस्थान की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के शैक्षणिक स्तर को ऊँचा उठाने के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के समस्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।







# संत गुरु रविदास जयंती व स्वतंत्रता सेनानी रणबीर सिंह हुड्डा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस एससी डिपार्टमेंट ने दी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया** । कांग्रेस के एससी डिपार्टमेंट जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार की अगुवाई में रविवार को महान संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती तथा स्वतंत्रता सेनानी रणबीर सिंह हुड्डा की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संत गुरु रविदास जी और रणबीर सिंह हुड्डा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने कहा कि संत गुरु रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पाति के भेदभाव को समाप्त कर समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। गुरु रविदास जी का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके विचार हमें सामाजिक न्याय व समरसता की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाते हैं। वहीं उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी रणबीर सिंह हुड्डा को याद करते हुए कहा कि उनका देश की आजादी के संघर्ष में अहम योगदान रहा है। रणबीर सिंह हुड्डा ने राष्ट्रहित में अपना जीवन समर्पित किया और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और त्याग के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं।



# बजट हरियाणा के लिए विकास का खोलेगा नया अध्याय- लक्ष्मण सिंह यादव

## विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा - केंद्रीय बजट से परियोजनाओं को मिलेगी नई रफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया।** विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 को जनहितैषी और विकासपरक बताया। विधायक न कहा कि यह केंद्रीय बजट हरियाणा के लिए विकास का नया अध्याय खोलेगा और इससे परियोजनाओं को नई रफ्तार मिलेगी। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बताया कि केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। यह पिछले साल से 1 लाख करोड़ ज्यादा है। इससे हरियाणा में दिल्ली-गुरुग्राम-फरीदाबाद आरआरटीएस, आईएमटी खरखोदा का विस्तार, ईवी पार्क और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं को नई रफ्तार मिलेगी। वहीं रोजगार के लाखों नए दरवाजे खुलेंगे। विधायक ने कहा कि हरियाणा केंद्र को करों में बड़ा योगदान देता है, और बदले में आज राज्यों को 1.4 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर हिस्सा मिल रहा है। 16वें वित्त आयोग की 41 प्रतिशत डेवोल्यूशन बरकरार रखी गई है। यह राशि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण सड़कों और पानी संरक्षण जैसी योजनाओं पर और ज्यादा खर्च कर सकेगी। हरियाणा का विकास अब और तेज होगा। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान हरियाणा के लिए यह बजट किसानों का उत्सव है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, फसल विविधीकरण, रेयर अर्थ मिनरल्स और बायोफार्मा पर फोकस से हमारे किसानों की आय बढ़ेगी। 'मेरा पानी-मेरी विरासत' जैसी राज्य की सफल योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन मिलेगा। केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार मिलकर हरियाणा को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाएगी।



# केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पूरी तरह दिशाहीन - कैप्टेन अजय सिंह यादव

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।



**भांडोरिया** । केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हरियाणा सरकार के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि यह बजट पूरी तरह दिशाहीन है और समाज के हर वर्ग को निराश करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस बजट में न तो देश को दिशा देने वाली कोई दूरदृष्टि है और न ही आर्थिक चुनौतियों से निपटने की राजनीतिक इच्छाशक्ति। युवा, किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, उद्योग, निर्यातक और राज्य सरकारें सभी को इस बजट से निराशा ही हाथ लगी है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की कोई रणनीति बजट में दिखाई नहीं देती। राष्ट्रीय आय में इसकी भागीदारी वर्षों से लगभग 13 प्रतिशत पर अटकी हुई है, लेकिन देशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस नीति सामने नहीं रखी गई। उन्होंने कहा कि रोज़गार के मोर्चे पर बजट पूरी तरह विफल है। युवाओं के लिए नए रोजगार सृजन या महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ाने को लेकर कोई गंभीर योजना नहीं है। पूर्व में घोषित प्रशिक्षण और इंटर्नशिप योजनाओं के परिणामों पर भी सरकार पूरी तरह मौन है।पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि निर्यात और व्यापार को लेकर भी बजट निराशाजनक है। निर्यात में गिरावट, बढ़ते व्यापार घाटे और वैश्विक हिस्सेदारी में कमी पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी गई। राष्ट्रीय मुद्रा के लगातार अवमूल्यन को रोकने की दिशा में भी कोई स्पष्ट योजना नहीं है।

कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग महंगाई से बुरी तरह त्रस्त है। घरेलू बचत घट रही है, कर्ज बढ़ रहा है और वेतन स्थिर बना हुआ है, लेकिन बजट में उपभोक्ता मांग को पुनर्जीवित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए बजट में कोई विश्वास पैदा करने वाला संकेत नहीं है। विदेशी निवेश, वेतन ठहराव और उद्योगों की चिंताओं जैसे अहम विषयों पर सरकार पूरी तरह चुप है। केवल छोटे-मोटे बदलाव किए गए हैं, लेकिन संरचनात्मक सुधारों का घोर अभाव है। आधारभूत ढांचे पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि बजट में पुराने वादों की केवल पुनरावृत्ति की गई है। देश के शहर आज भी रहने योग्य नहीं हैं। स्मार्ट शहरों की बात तो दूर, सामान्य जीवन योग्य शहर कब बनेंगे इसका कोई उत्तर बजट में नहीं है। सामाजिक सुरक्षा को लेकर कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि बजट में एक भी ठोस घोषणा नहीं की गई। ग्रामीण रोजगार योजना के स्थान पर लाए गए नए कानून के लिए बजटीय प्रावधान पर सरकार ने एक शब्द तक नहीं कहा, जो गंभीर चिंता का विषय है।उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों की आर्थिक स्थिति पहले से ही गंभीर है, इसके बावजूद इस बजट में राज्यों को कोई राहत नहीं दी गई। इससे देश के संघीय ढांचे को कमजोर किया जा रहा है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने विशेष रूप से कहा कि हरियाणा के हिस्से में इस बजट से कुछ भी नहीं आया। न किसानों के लिए कोई विशेष पैकेज, न युवाओं के लिए रोजगार योजना और न ही उद्योग व निर्यातकों को बढ़ावा देने की कोई घोषणा हरियाणा के हाथ एक बार फिर खाली रह गए। यह बजट न सुधार का भरोसा देता है और न ही देश की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है।

# टोहाना अग्रवाल भवन में अग्रवाल सभा की आयोजित बैठक में समाज सेवा एवं संगठन पर हुआ मंथन

## रमेश गोयल सर्वसम्मति से प्रधान हुए मनोनीत

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।



**रजत विजय रंगा** । अनाज मंडी के समीप स्थित अग्रवाल भवन में अग्रबंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज सेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक संगठित एवं निरंतर रूप से आगे बढ़ाने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने समाज के उत्थान, जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहयोग जैसे विषयों पर अपने-अपने विचार रखे। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से रमेश गोयल को प्रधान मनोनीत किया गया। सभी अग्रबंधुओं ने उनके नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए आशा व्यक्त की कि उनके मार्गदर्शन में संगठन समाज हित में प्रभावी भूमिका निभाएगा। नवनियुक्त प्रधान रमेश गोयल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज सेवा को प्राथमिकता देते हुए सभी को साथ लेकर चलेंगे।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में संगठन के उद्देश्य तथा कार्यप्रणाली की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जाएगी, ताकि संगठन को एक सुदृढ़ स्वरूप दिया जा सके और समाज सेवा के कार्यों को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें अग्रबंधुओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। मंच संचालन की भूमिका ज्ञानीराम बंसल ने अदा की। इस बैठक में टेकचंद मोदी, सुरेंद्र काला, प्रवीन चौधरी, राज पंसारी, ओंकार गर्ग, नरेश जैन, एडवोकेट नंदलाल गर्ग, एडवोकेट रजनीश जैन,प्रवीन जैन, जीवन बंसल, कृष्ण चंद बंसल, विक्रम गर्ग, विजय कांसल, सुरेश सिंगला, एडवोकेट सुभाष गर्ग, शशिभूषण गुप्ता, दयानंद सिंगला, एडवोकेट राजीव गोयल, कृष्ण गोयल, एडवोकेट निशांत जैन, नरेश मित्तल, अमित जैन, रमेश गर्ग, जोगीराम जैन, सुशील जैन, राज पंसारी, रामफल गर्ग, कृष्ण गुप्ता, सतपाल गर्ग, राजेश सरस्वती, महेश पिंटा, संदीप गोयल, गौरव बंसल, अनिल गर्ग, राजेंद्र गोयल, तरसेम मितल, पुलकित सिंगला आदि अग्रबंधु उपस्थित रहें।

# थाना सदर टोहाना पुलिस की कार्रवाई: 6.45 ग्राम हेरोइन सहित युवक काबू

## नहर पटरी के पास खंडहर कोठी से हेरोइन बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।



**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में थाना सदर टोहाना पुलिस ने नशीले पदार्थों की रोकथाम के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को हेरोइन सहित काबू किया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व पड़ताल के दौरान रकबा धारसूल कलां में नहर की पटरी के पास स्थित नहर विभाग की एक खंडहर कोठी की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और हाथ में पकड़ी पारदर्शी पन्नी को जमीन पर फेंककर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस टीम ने कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। आरोपी की पहचान मनदीप पुत्र आत्मा राम निवासी धारसूल खुर्द, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई। मौके पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए फेंकी गई पन्नी को तौला गया, जिसमें पन्नी सहित 6.45 ग्राम हेरोइन पाई गई। बरामद हेरोइन को सील कर कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में थाना सदर टोहाना में अभियोग संख्या 18 दिनांक 31.01.2026 धारा 21B/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा तथा मामले की आगामी जांच जारी है।

# हरियाणा के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगा केंद्रीय बजट: डा. कृष्ण कुमार

## बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार ने केंद्रीय बजट को बताया विकसित भारत @2047 के विजन का हिस्सा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।



**भांडोरिया** । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को संसद में प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट को विकसित भारत @2047 के विजन का हिस्सा बताते हुए बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि हरियाणा इसमें ग्रोथ इंजन बनेगा। विधायक ने कहा कि यह केंद्रीय बजट हरियाणा के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगा। विधायक डा. कृष्ण कुमार बताया कि केंद्रीय बजट में एमएसएमई और स्टार्टअप को बूस्ट से हमारे युवा उद्यमी नई ऊंचाइयों को छूएंगे। सेमिकंडक्टर मिशन 2.0 के लिए 40,000 करोड़ और बायोफार्मा के लिए नए इनिशिएटिव से हरियाणा को मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब बनने की ओर तेजी से अग्रसर होगा। गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत जैसे क्षेत्रों में नए निवेश आएंगे जिससे प्रदेश के युवाओं को हाई-स्किल जॉब्स मिलेंगी। विधायक ने बताया कि केंद्रीय बजट में बढ़ा हुआ कैपेक्स, महंगाई नियंत्रण, टैक्स सरलीकरण और मेडिकल टूरिज्म पर फोकस से मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट हरियाणा की प्रगति को और तेज करेगा। हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार इसे जमीन पर उतारकर हर घर तक पहुंचाएगी और प्रदेश में रोजगार, समृद्धि और खुशहाली की नई लहर आएगी। उन्होंने कहा कि इस केंद्रीय बजट से इंफ्रा बूस्ट, कृषि मजबूती, युवा सशक्तिकरण और आर्थिक उड़ान मिलेगी। देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी वाली सरकार की साझेदारी से हरियाणा न केवल चमकेगा, बल्कि पूरे देश को आगे ले जाएगा।

## फाग के रंग वेंकट रमणा लोहार्गल धाम के संग

# लोहार्गल में श्री वेंकटेश फागोत्सव 8 फरवरी को

## फागोत्सव को लेकर लोहार्गल वेंकटेश बालाजी मंदिर में तैयारियां जोर-शोर से

भीम प्रज्ञा न्यूज़.उदयपुरवाटीद्य



**सुमेर मीणा** । निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में स्थित सिद्ध पीठ श्री वेंकटेश बालाजी मंदिर परिसर में आगामी 8 फरवरी को फागोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा द्य मंदिर परिसर में 8 फरवरी को आयोजित होने वाले फागोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है द्य फागोत्सव के दौरान ही मंदिर परिसर में गुलाल व फूलों से मिश्रित भगवान का श्रृंगार भी किया जाएगा द्य वेंकटेश बालाजी मंदिर के श्री श्री 1008 वेंकटेश लोहार्गल पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि फाग के रंग वेंकट रमणा लोहार्गल धाम के संग कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैद्य बालाजी मंदिर के महाराज श्री के अनुसार 8 फरवरी को सुबह भगवान की अर्चना होगी, महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जोत जलेगी एवं सुप्रसिद्ध भजन गायककारों द्वारा भजनों की रसगंगा भी प्रवाहित की जाएगी द्य सुप्रसिद्ध भजन गायककारो में राजस्थान के कोने-कोने से गायककार आकर भजनों की प्रस्तुति देंगे द्य श्री श्री 1008 श्री अश्विनी आचार्य महाराज के अनुसार फागोत्सव के दौरान ही रंगो एवं फूलों की होली भी मंदिर परिसर में खेली जाएगी द्य प्रसादी का आयोजन भी होगा जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे द्य

# अवैध नशीला पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रेवाड़ी।



**भांडोरिया** । थाना रोहडाई पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला गुरुग्राम के गांव खोड निवासी दीपक उर्फ पौली के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।जांचकर्ता ने बताया की गत वर्ष 20 दिसम्बर को थाना रोहड़ाई पुलिस टीम ने नशा गतिविधियों पर रोकथाम अभियान तहत थाना क्षेत्र अंतर्गत चान्दनवास से आशियाकी रोड पर नाकाबंदी कर एक बाइक पर सवार तीन नशातस्कर अरुण निवासी गांव नुरगढ़ जिला गुरुग्राम, रोहित सोनी उर्फ टिंडा व चिराग निवासी गांव चान्दनवास को 1.92 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित धर दबोचा था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियों ने बताया की यह नशीला पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) सुमित निवासी गांव खोड जिला गुरुग्राम ने उपलब्ध करवा था। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना रोहडाई में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके चारो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जो इस मामले में पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला गुरुग्राम के गांव खोड निवासी दीपक उर्फ पौली को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री के पीलीमंदोरी आगमन पर पुलिस प्रशासन की सशक्त सुरक्षा व्यवस्था

## 948 पुलिसकर्मियों की तैनाती, बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाकर चाक-चौबंद इंतजाम

भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा** । पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में माननीय मुख्यमंत्री के पीलीमंदोरी आगमन को लेकर जिला पुलिस द्वारा व्यापक, मजबूत एवं पूरी तरह योजनाबद्ध सुरक्षा व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सुरक्षा के हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान कुल 948 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई, जिनमें वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर फील्ड ड्यूटी पर तैनात जवान शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान 1 पुलिस अधीक्षक (SP) के नेतृत्व में संभाली गई, जबकि उनके सहयोग में 2 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP), 6 उप पुलिस अधीक्षक (DSP) एवं 20 निरीक्षक (Inspector) विभिन्न जिम्मेदारियों के साथ तैनात किए गए। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, महिला पुलिस बल एवं अन्य पुलिसकर्मी सुरक्षा ड्यूटी पर मौजूद रहें। कार्यक्रम स्थल, वीआईपी मार्गों, पार्किंग स्थलों एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी गई। आने-जाने वाले सभी मार्गों पर पुख्ता नाकाबंदी की गई तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गईं। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश से पूर्व सघन जांच की व्यवस्था की गई ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस बल की भी पर्याप्त संख्या में तैनाती की गई। इसके साथ ही सादा वर्दी में पुलिसकर्मी भी तैनात रहे, जो हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल को भी अलर्ट मोड पर रखा गया। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और बेहतर समन्वय के चलते मुख्यमंत्री का पीलीमंदोरी दौरा पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रहा। जिला पुलिस द्वारा की गई इस व्यापक व्यवस्था की आमजन द्वारा भी सराहना की गई, जिससे प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और मजबूत हुआ।

# फतेहाबाद के भूना में ओबीसी ब्रिगेड की हुई मीटिंग- राजबीर सोनी

भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना/भूना।



**रजत विजय रंगा** । भुना की प्रजापति धर्मशाला में ओबीसी ब्रिगेड हरियाणा,लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी व पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा हरियाणा व ओबीसी समाज के पदाधिकारीयो की मीटिंग हुई । जिसमें यूजीसी बिल को यूनिवर्सिटीज कॉलेज के साथ-साथ सरकारी कार्यालायो,विभागों में भी (इक्वलिटी)समानता का कानून लागू किया जाए तथा इसके साथ-साथ तुरंत प्रभाव से जातीय जनगणना करवाई जाए इन सभी मांगों को लेकर 3 /2/2026 तारीख दिन मंगलवार सुबह 10 बजे मिनी सेक्रेटेरिएट फतेहाबाद मे माननीय राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री जी को डीसी के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा द्य इस मौके पर एससी, एसटी,ओबीसी, माइनॉरिटी समाज बंधुओ को ज्यादा से ज्यादा पहुंचने का आवाहन किया द्य जिसमें पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा हरियाणा के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजवीर सिंह,भीम सिंह झींझर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी टोहाना,राधेश्याम प्रजापति युवा अध्यक्ष,सुरेंद्र इंदाछोई युवा प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी ब्रिगेड हरियाणा आदि सामाजिक व्यक्ति मौजूद थे

# डॉ सौरव मुंदड़ा का मिला 2026 बेस्ट पेपर अवार्ड




भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।

शहर के जाने-माने शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश मुंदड़ा व महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ विमला मुंदड़ा के सुपुत्र डॉ सौरव मुंदड़ा को 2026 के वेस्ट पेपर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

डॉ सौरव को फर्स्ट इंटरनेशनल कांन्फ्रेंस ऑफ ग्लोबल ऑफ फोरेंसिक इन्वेस्टिगेटिव मेडिसिन एंड साइंस में बेस्ट पेपर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ सौरव को इंटरनेशनल कांन्फ्रेंस में दिए गए वेस्ट पेपर अवार्ड के लिए चिकित्सा क्षेत्र सहित मुंदड़ा दम्पति के शुभचिंतकों, सहयोगियों व समर्थकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित, रामलीला मैदान में गूंजे हिंदुत्व के नारे

भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।




रामलीला मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। भोजासर बड़ा आश्रम के महंत शिवराज जति महाराज, राष्ट्रीय सेवक संघ के प्रौढ़ कार्य प्रमुख भंवरदान सिंह, ऋषिकुल विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ रेखा शर्मा, प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय की बी.के अमृता, सोनी समाज के अध्यक्ष रामप्रसाद जड़िया, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक रामनिवास शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भोजासर बड़ा आश्रम के शिवराज जति महाराज ने सनातन संस्कृति के मूल्यों एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों के बारे में बताया। इन्होंने गौमाता के भौतिक व आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। मुख्य वक्ता भंवरदान सिंह ने कहा कि नागरिक अनुशासन से ही एक बेहतर भारत का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू जीवन पद्दति से प्रकृति का संवर्धन एवं संरक्षण संभव है। उन्होंने हिंदू समाज मे जाति को केवल एक सामाजिक व्यवस्था की संज्ञा देते हुए सनातन धर्म के महत्व की सविस्तार व्याख्या की। प्रदीप दाधीच ने अतिथियों का परिचय दिया। कार्यक्रम में बनवारीलाल पुजारी, राजकुमार खि़रवेवाला, सुरेंद्र इंदौरिया,पुरुषोत्तम मिश्रा, पुरुषोत्तम बील,रामस्वरूप सोमाणीं, दिनेश मारोठवाला, मनोज दाधीच, रतनसिंह बगड़ी, शिवशंकर सैन, चंद्रशेखर जोशी, द्वारका प्रसाद खींची, जयशंकर पुजारी, दीनदयाल जोशी, बालकृष्ण मिश्रा, एडवोकेट महेश शर्मा, मुरारीलाल मिश्रा, जयशंकर पुजारी, रजनीश जाजोदिया, राजेंद्र माटोलिया, नितेश गौतम, डॉ निरूपमा उपाध्याय, डॉ अर्चना पुरोहित, सीमा शर्मा, मधु शर्मा, रामोतार माली, संतोष काबरा, नीतू ढंड, अलका शर्मा, लक्ष्मी गौतम, शर्मा, शर्मिला मिश्रा, सीमा जोशी सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित। राजकुमार सोनी ने आभार व्यक्त किया। संचालन अरुणा शर्मा एवं अनूप मिश्रा ने किया।

# गैस गीजर के साथ बंद बाथरूम में नहाने से व्यक्ति में आक्सीजन की हो सकती है कमी-- डॉ मुंदड़ा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।

जाने-माने शिशु रोग विशेषज्ञ व मुंदड़ा नर्सिंग होम के संचालक डॉ प्रकाश मुंदड़ा ने एक बयान जारी कर बताया कि गैस गीजर के साथ बंद बाथरूम में नहाने से आक्सीजन की कमी होती है तथा कार्बन मोनोऑक्साइड स्वांस में जाने से व्यक्ति के बेहोश होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि कभी कभी इससे भी ज्यादा खतरा हो सकता है। डॉ मुंदड़ा ने बताया कि कार्बन मोनोऑक्साइड शरीर में हिमोग्लोबिन के साथ मिलकर मेथहिमोग्लाबीन बनाता है जो शरीर के लिए घातक होता है। डॉ मुंदड़ा ने बताया कि सर्दी के मौसम में कई पेशेंट इस तरह की बीमारी होने पर आते हैं तथा उन्हें बार बार अवगत कराया जाता है कि बाथरूम में जानें पर गैस गीजर बंद रखें तथा सावधानी बरतें। लेकिन लापरवाही व अनदेखी की वजह से कई पेशेंट इसके शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई के परिवार की महिला इस रोग से पीड़ित होकर नर्सिंग होम आई थी। लेकिन समय पर चिकित्सा लाभ मिलने से स्वास्थ्य लाभ हो गया। उन्होंने आमजन से गैस गीजर बंद करके ही बाथरूम का उपयोग करने व गैस गीजर बाथरूम के बाहर लगाने की सलाह दी है।

# बार काउंसिल चुनाव में एससी वर्ग की एकजुटता जरूरी, महिला व पुरुष से एक-एक प्रत्याशी उतारने की अपील

भीम प्रज्ञा न्यूज़.रोहतक/टोहाना।





बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के आगामी चुनावों को लेकर अनुसूचित जाति वर्ग के अधिवक्ताओं की एकजुटता पर जोर देते हुए ऑल इंडिया डॉ. भीमराव अंबेडकर एडवोकेट्स एक्शन फ्रंट के राष्ट्रीय चेयरमैन एडवोकेट डॉ. सुधीर रंगा तथा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी विजय कृष्ण रंगा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी की। विज्ञप्ति में कहा गया कि अब तक बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के चुनावों में दलित वर्ग से कोई भी प्रतिनिधि विजयी होकर सामने नहीं आ पाया है, जिसका मुख्य कारण समाज के अधिवक्ताओं में एकरूपता व संगठित रणनीति का अभाव रहा है।एडवोकेट डॉ. सुधीर रंगा ने बताया कि बार काउंसिल में कुल 25 सीटों पर चुनाव होना है, जिनमें से 8 सीटें महिला आरक्षण के अंतर्गत आ चुकी हैं। शेष 17 सीटों पर चुनाव होगा, जिनमें अधिकांश पुराने सदस्य पुन: जीत दर्ज करने की स्थिति में हैं। ऐसे में यदि अनुसूचित जाति वर्ग के 7 से 10 प्रत्याशी अलग-अलग खड़े होंगे तो वोट बिखराव तय है और परिणामस्वरूप कोई भी प्रत्याशी सफल नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि यदि सभी एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के अधिवक्ता संगठन एक मंच पर आकर आपसी सहमति से केवल एक पुरुष और एक महिला प्रत्याशी को समर्थन दें, तो कोई ताकत उन्हें विजयी होने से नहीं रोक सकती। प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विजय कृष्ण रंगा ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण एक सकारात्मक कदम है, लेकिन भविष्य में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लिए भी बार काउंसिल में आरक्षण पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह चुनाव आम जनता का नहीं, बल्कि अधिवक्ता समुदाय का चुनाव है, इसलिए जमीनी हकीकत को समझते हुए रणनीति बनानी होगी। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया कि केवल लोकप्रियता या व्यक्तिगत दावों के आधार पर चुनाव जीतने की सोच वास्तविकता से दूर है। बीते चुनावों के अनुभव बताते हैं कि संगठित समर्थन के बिना जीत संभव नहीं है। संस्था की ओर से सभी दलित अधिवक्ताओं एवं संगठनों से अपील की गई कि शीघ्र एक बैठक बुलाकर आपसी सहमति से एक पुरुष और एक महिला प्रत्याशी का चयन किया जाए, ताकि इस बार बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा में अनुसूचित जाति वर्ग की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# बजट में खेलों पर भी जोर, 'खेलो इंडिया मिशन' होगा शुरू

## प्रशिक्षण केंद्रों, कोचों और खेल ढांचे में व्यवस्थित विकास पर रहेगा जोर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के रविवार को पेश किये गये आम बजट में खेलों पर भी काफी जोर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करते हुए 'खेलो इंडिया मिशन' शुरू करने का प्रस्ताव रखा। इस मिशन का लक्ष्य अगले 10 साल में प्रशिक्षण केंद्रों, कोचों और खेल ढांचे में व्यवस्थित विकास कर नई प्रतिभाओं को सामने लाना रहेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि खेल क्षेत्र रोजगार, कौशल विकास और करियर के कई अवसर पैदा करता है। उन्होंने बताया कि साल 2017 में शुरू किए गए खेलो इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सरकार अब इसे एक व्यापक और एकीकृत मिशन के रूप में लागू करना चाहती है, जिससे खेल क्षेत्र में और भी बदलाव आयें।

सीतारमण ने कहा कि खेलो इंडिया मिशन के तहत, प्राथमिक, मध्यवर्ती और विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण केंद्र विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा कोचों और सहायक स्टाफ का भी व्यवस्थित विकास किया जाएगा। इसमे खेल विज्ञान और आधुनिक तकनीक को प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा, देशभर में प्रतियोगिताओं और लीगों के आयोजन को भी बढ़ावा दिया जाएगा, प्रशिक्षण और मुकाबलों के लिए खेल अवसंरचना को मजबूत किया जाएगा, इससे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सामने आने के लिए बेहतर मंच और संसाधन मिलेगा।

कम कीमतों में उच्च गुणवत्ता के खेल सामान निर्माण की दिशा में भी सरकार काम करने जा रही है। इससे उपकरण डिजाइन, सामग्री विज्ञान, विनिर्माण अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। वहीं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद के नेतृत्व में एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इस कार्यबल ने उच्च गुणवत्ता वाले कोच तैयार करने और उनके लिए लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम जैसी योजना शुरू करने पर जोर दिया है।

# भारत की देविका ने थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन जीता



**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत की उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट जीत लिया है। देविका को इस टूर्नामेंट के महिला एकल के खिताबी मुकाबले में मलेशिया की गोह जिन वेई के मैच के बीच से हट जाने के बाद आसानी से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 खिताब हासिल को गया। देविका तब मैच में 21-8, 6-3 से आगे चल रही थी तभी मलेशिया की वेई हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मुकाबले से हट गयीं। इससे देविका को अपने करियर का एक बड़ा खिताब मिल गया। दो वर्षों से फॉर्म और फिटनेस के लिए संघर्ष कर रही वेई ने इससे पहले के मैच में भी थकान की शिकायत की थी। देविका ने फाइनल में तेज शुरुआत की। उन्होंने अपने दमदार रिटर्न और बेहतरीन स्ट्रोक के दम पर 4-0 की बढ़त बना ली। वहीं एक नेट कॉर्ड की बदौलत वेई ने अपना पहला अंक हासिल किया।वह पिछले सत्र में इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 100 में उपविजेता रही थी जबकि 2024 में चार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर बरकार 20 साल की देविका बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण ले रही हैं। वह पिछले कुछ समय से ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु से भी खेल की टिप्स ले रहीं थीं।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 : भारत ने पाकिस्तान को चारों खाने किया चित, 58 रनों से जीता मुकाबला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर सिक्स मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को चारों खाने चित्त करते हुए 58 रनों से हरा दिया है। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेदांत त्रिवेदी के अर्धशतक की बदलौत एक गेंदें शेष रहते सभी 10 विकेट के नुकसान पर पाकिस्तान को 253 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में पाकिस्तान 194 रनों पर ढेर हो गई। त्रिवेदी ने 98 गेंदों पर 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 68 रन बनाए जिससे भारत 250 का आंकड़ा पार कर पाया। वैभव सूर्यवंशी 22 गेंदों पर मात्र 30 रन ही बना पाए जबकि ओपनर ऑरोन जॉर्ज ने भी 16 रन की छोटी पारी खेली। कप्तान आयुष म्हात्रे खाता भी नहीं खोल सके।

**प्लेइंग 11**

भारत अंडर-19 : एरोन जॉर्ज, वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), वेदांत त्रिवेदी, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन

पाकिस्तान अंडर-19 : हमजा जहूर (विकेटकीपर), समीर मिन्हास, उस्मान खान, अहमद हुसैन, फरहान यूसुफ (कप्तान), हुजैफा अहसन, अली हसन बलूच, अब्दुल सुभान, मोमिन कमर, मोहम्मद सय्याम, अली रजा

# वैभव सूर्यवंशी को नेशनल टीम में शामिल करने का समय आ गया: सबा करीम



**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी और सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की और अपना सातवां बड़ा खिताब जीता।

वर्ल्ड नंबर 1 ने 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जोकोविच को एक रोमांचक चार-सेट के फाइनल (2-6 6-2 6-3 7-5) में हराकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। अल्काराज ने फाइनल तीन घंटे और दो मिनट में जीता। ATP के अनुसार अल्काराज ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम हासिल करने वाले छठे खिलाड़ी भी बन गए हैं। गौरतलब है कि यह अल्काराज का ऑस्ट्रेलियन ओपन में डेब्यू के बाद पहला मेलबर्न फाइनल भी था।

ATP के अनुसार 21वीं सदी में केवल चार खिलाड़ियों ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया है। जोकोविच ने 2016 में ऐसा किया था, उसके बाद राफेल नडाल (2010) और रोजर फेडरर (2009) का नंबर आता है। इसके साथ ही 22 वर्षीय अल्काराज ने दिग्गजों के बीच अपनी जगह पक्की कर ली है। पुरुषों में ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज (22 साल और 272 दिन) रॉड लेवर (24 साल और 32 दिन), राफेल नडाल (24 साल और 102 दिन), रोजर फेडरर (27 साल और 303 दिन), नोवाक जोकोविच (29 साल और 15 दिन) और आंद्रे अगासी (29 साल और 68 दिन) हैं।

ATP के अनुसार लेवर ने 1962 में एक शौकिया खिलाड़ी के तौर पर और 1969 में ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। वर्ल्ड नंबर 1 ओपन एरा में सात बड़े सिंगल्स टाइटल जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी हैं, जो ब्योर्न बोर्ग से आगे हैं, जिन्होंने 1979 में रोलैंड गैरोस में सातवां बड़ा टाइटल जीता था। 2022 में अल्काराज ने US ओपन में अपना पहला बड़ा टाइटल जीता और इस जीत के साथ वह PIF ATP रैंकिंग (1973 से) में सबसे कम उम्र के नंबर 1 खिलाड़ी बन गए। इस स्पेनिश खिलाड़ी ने 2023 में अपनी पहली विंबलडन ट्रॉफी जीती और 2024 ग्रैंड स्लैम इवेंट में अपने टाइटल का बचाव किया। रोलैंड गैरोस में अल्काराज 2024 और 2025 में विजयी रहे।

# अर्शदीप टी20 में सबसे अधिक रन देकर पांच विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी बने

तिरुवनंतपुरम । युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के पांच विकेटों की सहायता से भारतीय क्रिकेट टीम ने पांचवे और अंतिम टी20 में न्यूजीलैंड को 46 रनों से हरा दिया।



इसी के साथ ही भारतीय टीम ने ये सीरीज 4-1 से जीती पर मैच में पांच विकेट लेने के बाद भी अर्शदीप के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हुआ जिसे वह याद नहीं रखना चाहेंगे। अर्शदीप इसी के साथ ही किसी अंतरराष्ट्रीय टी20 मुकाबले में सबसे ज्यादा रन देकर 5 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ के नाम दर्ज था। जोसेफ ने जोहानसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ साल 2023 में 40 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एंगिडी ने साल 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्टल में 39 रन देकर 5 विकेट लिए थे। गौरतलब है कि अर्शदीप टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। साल 2022 में डेब्यू करने के बाद से ही अर्शदीप ने 76 मैचों में 118 विकेट लिए हैं। यह पहला मौका था, जब अर्शदीप ने एक पारी में 5 विकेट लिए।

# बुमराह ने अपने टी20 करियर का सबसे महंगा ओवर किया

तिरुवनंतपुरम। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम टी20 में असफल रहे। बुमराह इस मैच में सबसे महंगे साबित हुए। वह 58 रन देने के बाद भी कोई विकेट नहीं ले पाये। ये पहली बार रहा जब बुमराह ने किसी मैच में इतने अधिक रन दिये। इससे पहले का उनका सबसे महंगे मैच 2021 का आईपीएल रहा था। तब उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चार ओवर में 56 रन देकर केवल एक विकेट लिया था। बुमराह ने इस अंतिम मैच में अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अपना सबसे महंगा ओवर भी किया। इसमें बुमराह ने 22 रन दिये। वहीं इससे पहले बुमराह का सबसे महंगा ओवर साल 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ आया था, तब उन्होंने एक ही ओवर में 21 रन दिए थे। बुमराह के अलावा अन्य भारतीय गेंदबाज भी काफी महंगे रहे। अर्शदीप सिंह ने 51 रन दिये हालांकि उन्होंने पांच विकेट लिए। हार्दिक पांड्या ने 15 रन, वरुण चक्रवर्ती ने एक विकेट लेकर 36 रन वह अक्षर पटेल ने तीन विकेट लेकर 33 रन दिये। बुमराह और अर्शदीप के इस प्रकार के महंगे ओवरों से टी20 विश्वकप से पहले भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। भारत ही नहीं यहां अंतिम मैच में कीवी गेंदबाजों की भी जमकर कुटाई हुई। कीवी गेंदबाज जेकब डफी, काइल जेमिसन और मिचेल सैंटनर ने 50 रनों से अधिक दिये। सैंटनर के ओवर में 60 रन बने।

# वैभव यूथ एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज बने



बुलावायो । भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के सुपर-6 राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ हुए मुकाबले में 11 रन बनाते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली। अब उनके यूथ एकदिवसीय में 1150 रन हो गये हैं। इस मैच के दौरान जैसे ही वैभव ने अपने 11 रन पूरे किए। वह भारत के लिए यूथ एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में शामिल हो गये हैं। वैभव ने अपनी पारी के दौरान 22 गेंदों का सामना करते हुए कुल 30 रन बनाए जिसमें 5 चौके और एक छक्का शामिल था। अब वैभव की नजरें यूथ एकदिवसीय में सबसे रन बनाने वाले बल्लेबाजों पर टिक गई हैं। वह जल्द ही विजय जोल के 1404 रन और यशस्वी जयसवाल के 1386 रन के रिकार्ड भी तोड़ सकते हैं।यूथ एकदिवसीय में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज तन्मय श्रीवास्तव हैं उनके नाम 1316 रन हैं।

# भारतीय टीम को उसी की धरती पर हराना बेहद कठिन काम: सेंटनर



**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम कप्तान मिचेल सेंटनर ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-4 से मिली करारी हार के बाद कहा कि भारतीय टीम को उसी की धरती पर हराना बेहद कठिन काम है क्योंकि वह बखूबी जानती है कि अपने मैदानों में किस प्रकार खेलना है। इस सीरीज में भारतीय टीम के सामने कीवी टीम बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी में भी टिक नहीं पायी। भारतीय टीम सीरीज में केवल एक ही मैच में हारी थी। पहले तीन मैच जीतने के बाद भारतीय टीम को चौथे मैच में हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम ने अंतिम मैच में 46 रनों की जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम की। भारतीय टीम के प्रदर्शन को देखते हुए सेंटनर की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं क्योंकि अब उसे 7 फरवरी से होने वाले टी20 विश्वकप में भी भारतीय टीम से उसी की धरती पर खेलना है। विश्वकप संयुक्त रुप से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

सेंटनर ने कहा, पूरी सीरीज को देखें तो हमें काफी सकारात्मक बातें भी सीखने को मिलीं। मैंने शुरुआत में ही कहा था कि भारतीय टीम काफी अच्छी है। उसे इन हालातों में हराना बहुत कठिन है। ये सीरीज कुल मिलाकर मनोरंजक रही। साथ ही कहा कि जब आपको पूरी सीरीज में चुनौती मिलती है तो यह हमेशा अच्छी बात होती है। गेंदबाजों और बल्लेबाजों पर दबाव पड़ता है और उससे आप उससे सीखते हैं। परिणाम भले ही हमारे पक्ष में भले ही नहीं रहे पर हमें हर एक मैच से कुछ न कुछ सीखने को मिला। अब न्यूजीलैंड टीम आठ फरवरी से टी20 विश्वकप में उतरेगी। कीवी टीम इसमें ग्रुप डी में शामिल है, जिसमें अफगानिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा और यूएई हैं। न्यूजीलैंड को अपने मैच भारतीय धरती पर खेलने हैं। वहीं सेंटनर ने कहा कि विश्वकप को लेकर उन्हें काफी सुधार करने होंगे। गेंदबाजी में हमें विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के तरीके तलाशने होंगे।

## अंडर-19 विश्वकप में भी भारत-पाक कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

बुलावायो (जिम्बाब्वे)। भारत और पाकिस्तान की टीमों ने आज यहां आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2026 के सुपर 6 ग्रुप 2 मैच में हाथ नहीं मिलाया। टॉस के बाद भारतीय अंडर-19 कप्तानी आयुष म्हात्रे और पाकिस्तान के कप्तान फरहान यूसुफ हाथ मिलाये बिना ही वापस हो गये। इस प्रकार एशेया कप में जिस प्रकार भारतीय सीनियर टीम ने पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था। वही सिलसिला इस मैच में भी बरकरार रहा। भारतीय सीनियर टी10 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साल 2025 एशिया कप के दौरान अपने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ मिलाने से इंकार कर दिया था, तब से ही भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैचों में टॉस के दौरान हाथ न मिलने का सिलसिला जारी है। भारत ए टीम के कप्तान ने भी एशिया कप। इससे के अलावा महिला विश्वकप में भी भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पाक कप्तपान से हाथ नहीं मिलाया था। भारतीय टीम के पाकिस्तान से हाथ नहीं मिलाने का कारण पाक का पहलगाम आतंकी हमले में शामिल होना रहा है। इसके बाद भारतीय सेना ने पाक में आतंकी ढिकानों को धवस्त कर दिया था।

# ईशान को अंतिम टी20 में विकेटकीपर बनाने का कारण सूर्यकुमार ने बताया



तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में ईशान किशन के विकेटकीपिंग किये जाने के कारणों का खुलासा किया है। सूर्या ने खुलासा किया कि सीरीज शुरू होने से पहले ही तय हो गया ता कि संजू पहले तीन मैच में विकेट कीपिंग करेंगे, वहीं आखिरी दो मुकाबलों में ईशान किशन को मौका मिलेगा। सूर्या ने कहा, तिलक वर्मा के नहीं होने की वजह से संजू सैमसन और ईशान दोनो को ही शामिल किया गया था। हमने सीरीज से पहले ही तय कर लिया था कि संजू तीन मैचों में विकेटकीपिंग करेंगे और ईशान अंतिम दो मैचों में ये जिम्मेदारी संभालेंगे। ईशान फिट नहीं होने के कारण पिछले मैच से बाहर थे। ईशान की शतकीय पारी के लिए भी सूर्या ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा कि टीम उनके कौशल के बारे में पहले से ही जानती थी। भारतीय कप्तान ने कहा, ╠हम हमेशा जानते थे कि वह क्या कर सकते हैं और हमने इस सीरीज से पहले घरेलू क्रिकेट में उनकी बल्लेबाजी देखी थी। हम चाहते थे कि वह उसी तरह बल्लेबाज करें और अपनी पहचान न बदलें। वह घरेलू क्रिकेट में पारी शुरुकर रहे थे, और यहां वह नंबर तीन पर बल्लेबाज कर रहे थे। हम चाहते थे कि वह गेम-चेंजर बनें, उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमें बेहद खुशी हुई है ' ईशान को टीम में जगह तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण मिली थी और उन्होंने अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए शतक बनाया। ऐसे में माना जा रहा है कि तिलक की टीम में वापसी होते ही सैमसन को बाहर होना पड़ेगा क्योंकि कीवी टीम के खिलाफ पांच मैचों में सैमसन बूरी तरह से असफल रहे थे।

# ईशान किशन बनाम संजू सैमसन : ओपनिंग स्लॉट पर कब होगा फैसला, सूर्यकुमार यादव का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टी20 टीम में ओपनिंग स्लॉट को लेकर चल रही बहस अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साफ कर दिया है कि ईशान किशन और संजू सैमसन में से कौन ञ्20 वर्ल्ड कप 2026 में ओपनिंग करेगा, इसका अंतिम फैसला 7 फरवरी को लिया जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीत के बाद स्यङ्क ने टीम कॉम्बिनेशन, बल्लेबाजी अप्रोच और घरेलू वर्ल्ड कप के दबाव को लेकर भी खुलकर अपनी बात रखी।



### ओपनिंग स्लॉट पर सस्पेंस बरकरार

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के बाद ब्रॉडकास्टर से बातचीत में सूर्यकुमार यादव ने माना कि ओपनर को लेकर चयन की दुविधा अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि ईशान किशन और संजू सैमसन दोनों ही प्लेइंग XI के मजबूत दावेदार हैं और इस मुद्दे पर स्पष्टता 7 फरवरी को सामने आएगी। कप्तान के मुताबिक, टीम मैनेजमेंट हर पहलू पर विचार कर रही है।

### तिलक वर्मा की वापसी से बढ़ी मुश्किल

SKY ने यह भी बताया कि तिलक वर्मा की फिटनेस और फॉर्म चयन प्रक्रिया को और चुनौतीपूर्ण बना रही है। उनके अनुसार, तिलक अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और वापसी के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। ऐसे में स्क्वाड के सभी 15 खिलाड़ी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार हैं, जिससे सिलेक्शन कॉल और भी मुश्किल हो गया है।

### टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत का रणनीतिक प्लान

सूर्यकुमार यादव ने भारत की संभावित रणनीति पर बात करते हुए कहा कि मौजूदा टी20 क्रिकेट में आक्रामक टॉप ऑर्डर बेहद जरूरी है। उन्होंने संकेत दिए कि टीम को नंबर 7 या 8 तक एक अतिरिक्त स्पेशलिस्ट बल्लेबाज की जरूरत हो सकती है। कप्तान के मुताबिक, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल मिलकर 16 ओवर डाल सकते हैं, जिससे बल्लेबाजी को गहराई देने का मौका मिलता है।

### ऑलराउंडर्स से मिल रही है फ्लेक्सिबिलिटी

SKY ने बताया कि हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और जरूरत पड़ने पर अभिषेक शर्मा गेंदबाजी में अतिरिक्त विकल्प देते हैं। इससे टीम सात बल्लेबाज और ऑलराउंडर्स के साथ एक मजबूत कॉम्बिनेशन बना सकती है, जो वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में बेहद अहम साबित हो सकता है।

### घरेलू वर्ल्ड कप का दबाव और उत्साह

भारत में खेले जाने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर सूर्यकुमार यादव ने कहा कि घरेलू परिस्थितियों में खेलना दबाव जरूर लाता है, लेकिन यही दबाव खेल को रोमांचक बनाता है। उन्होंने माना कि लगातार दूसरी बार वर्ल्ड कप जीतना ऐतिहासिक चुनौती है, लेकिन इसे वह सकारात्मक दबाव और बड़ी जिम्मेदारी के तौर पर देख रहे हैं।

### निडर बल्लेबाजी से कप्तान खुश

न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 की सीरीज जीत के बाद कप्तान ने भारतीय बल्लेबाजों की निडर सोच की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी अपनी स्वाभाविक शैली में खेलते हैं और उन्होंने सभी को उसी अप्रोच पर टिके रहने के लिए प्रोत्साहित किया है।

### 'पहली गेंद पर छक्का भी सही फैसला हो सकता है'

SKY के मुताबिक, टी20 क्रिकेट में हालात के हिसाब से फैसले लेने जरूरी हैं। अगर पिच और कंडीशन इजाजत देती है, तो पहली ही गेंद पर बड़ा शॉट खेलने में कोई बुराई नहीं है। कप्तान का मानना है कि खिलाड़ियों का यह बेखौफ रवैया उनकी कप्तानी को आसान बनाता है।

# पांड्या डेथ ओवरों में 1000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने

तिरुवनंतपुरम। ऑलराउडर हार्दिक पांड्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी20 में 17 गेंदों पर ही 42 रन बनाकर एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इस पारी में पांड्या का स्ट्राइक रेट 247.06 का रहा। इससे वह अन्य खिलाड़ियों से अलग नजर आये। न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी इस आक्रामक पारी से पांड्या ने अंतिम ओवरों (डेथ ओवरों) में 1000 रन बनाने का एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। पांड्या के नाम अब अंतिम ओवरों में 1030 रन हो गये हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर के नाम अंतिम ओवरों में 986 रन हो गये हैं और वह दूसरे नंबर पर है जबकि अफगानिस्तान के मो नबी 973 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर हैं। पांड्या जब बल्लेबाजी के लिए आये थे। तब भारतीय टीम ने 14.3 ओवर में 3 विकेट पर 185 रन बनाये थे। वहीं इसेक बाद पांड्या ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम का 20 ओवर में 271 रन तक पहुंचा दिया जिससे कीवी टीम पर दबाव आया और वह 272 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 225 रनों पर ही सिमट गयी।



## संक्षिप्त समाचार

### होली पर कैसे जाएं घर? दिल्ली से यूपी-बिहार की ट्रेनें फुल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** होली पर दिल्ली से उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड जाने वालों के लिए ट्रेन में अभी से सीटें खत्म हो चुकी हैं। अधिकांश गाड़ियों में 1 से 3 मार्च के बीच केवल प्रतीक्षा सूची में टिकट मिल रही है जबकि कुछ गाड़ियों में यह टिकट मिलना भी बंद हो चुके हैं। उधर विमान, कंपनियों ने भी इस दौरान किराए में 30 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी है। आने वाले दिनों में विमान किराए में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। प्रत्येक वर्ष होली के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपने पैतृक घर जाते हैं। इसके लिए अधिकांश गाड़ियों में दो माह पहले ही टिकट बुक हो जाती हैं। ऐसे में दिल्ली से पटना, दरभंगा, रांची, प्रयागराज, वाराणसी आदि जगहों के लिए जाने वाली सभी गाड़ियों में 1 से 3 मार्च तक सभी सीटें फुल हो चुकी हैं। कुछ गाड़ियों में तो इन तीन दिनों के दौरान प्रतीक्षा सूची में भी टिकट उपलब्ध नहीं है। इनमें नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, अमृत भारत एक्सप्रेस, बिहार संपर्क क्रांति, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, रांची गरीबरथ एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस, शिव गंगा एक्सप्रेस आदि गाड़ियां शामिल हैं। बनारस के लिए चलने वाली वंदेभारत में सीट उपलब्ध हैं, जिसकी कीमत ज्यादा होने के चलते आम लोग सफर नहीं कर सकते। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पूर्व दिशा में जाने वाली गाड़ियों पर नजर रखी जा रही है। उधर, विमान कंपनियों ने भी प्रत्येक वर्ष की तरह होली के समय अपने किराये को बढ़ाया है। लेकिन अभी इनमें सामान्य वृद्धि देखने को मिल रही है।

### बड़ी कंपनियों को पर्यावरणीय लागतों के लिए अधिक जिम्मेदारी उठानी होगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एनजीटी के उस आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि यदि कोई कंपनी अपने बड़े पैमाने के कारोबार से अधिक लाभ कमाती है, तो उसे पर्यावरणीय लागतों के लिए अधिक जिम्मेदारी उठानी होगी। इस आदेश में पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करने वाले एक बिल्डर पर पांच करोड़ रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया गया था। पीठ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मामलों में किसी कंपनी के परिचालन के पैमाने को पर्यावरणीय नुकसान से जोड़ना मुआवजे का निर्धारण करने में एक महत्वपूर्ण कारक हो सकता है। अदालत ने कहा कि बड़े पैमाने का मतलब अक्सर अधिक संसाधनों का उपयोग, अधिक उत्सर्जन और अधिक अपशिष्ट होता है, जिससे पर्यावरण पर अधिक दबाव पड़ता है। पीठ ने कहा कि यदि किसी कंपनी का टर्नओवर अधिक है, तो यह उसके संचालन के विशाल पैमाने को दर्शाता है। यदि ऐसी कंपनी पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने में योगदान देती पाई जाती है, तो उसके टर्नओवर का नुकसान की मात्रा से सीधा संबंध हो सकता है। इसलिए, हमारी राय में यह तर्क देना कि नुकसान की मात्रा के अनुरूप मुआवजा निर्धारित करने में टर्नओवर कभी भी प्रासंगिक कारक नहीं हो सकता, गलत है। वकील की पेशी को नहीं माना जाएगा डराना-धमकाना : सुप्रीम कोर्ट कि अपने पेशेवर कर्तव्यों का निर्वहन कर हुए किसी वकील की पेशी को डराना-धमकाना नहीं माना जाएगा।

# शिक्षा तक निर्बाध पहुंच देने के लिए बाध्य हैं राज्य, सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

## धारा-19 में बताए गए मानकों का अनुपालन वित्तीय सुविधा के अधीन नहीं है



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने सभी स्कूलों में मुफ्त सैनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के निर्देश वाले फैसले में कहा है कि आरटीई एक्ट की धारा-19 में बताए गए मानकों का अनुपालन वित्तीय सुविधा के अधीन नहीं है।

अगर दूसरे शब्दों में कहा जाए तो राज्य को मानकों और मानदंडों का अनुपालन नहीं करने के लिए धन की अनुपलब्धता का हवाला देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। शीर्ष अदालत ने कहा, वह इसलिए ऐसा रही है क्योंकि राज्य, शिक्षा तक निर्बाध पहुंच प्रदान करने के लिए बाध्य हैं।

**आरटीई एक्ट के तहत मुफ्त सैनेटरी नैपकिन अनिवार्य:** शीर्ष अदालत ने फैसले में राज्यों के दायित्व पर जोर देते हुए कहा कि यह बात धारा-आठ और नौ को देखते हुए और पुष्ट होती है, जिसमें राज्य सरकारों और स्थानीय प्राधिकरणों को स्कूल भवन, शिक्षण कर्मचारी, सीखने के उपकरण आदि उपलब्ध कराने का कर्तव्य सौंपा गया है। सरकारों और स्थानीय प्राधिकरणों को प्रत्येक बच्चे के प्रवेश, उपस्थिति और प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने को सुनिश्चित करने की निगरानी करनी होगी। सबसे खास बात यह है कि उन्हें मानकों के मुताबिक उच्च गुणवत्ता वाली प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करनी होगी। राज्य नहीं बना सकते वित्तीय कमी का बहाना कोर्ट ने कहा कि निर्बाध पहुंच की आवश्यकता को वास्तविक अर्थ में समझा जाना चाहिए। यह न केवल स्कूल भवनों तक औपचारिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बाध्य करता है, बल्कि स्कूल में बच्चे की उपस्थिति में बाधा डालने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए भी बाध्य करता है। इस संदर्भ से देखें तो सैनेटरी नैपकिन और उसे निस्तारित (डिस्पोसल) करने के स्वच्छ तंत्र का नहीं होना लड़कियों की स्कूल में अनुपस्थिति और स्कूल छोड़ने का कारण बनती है। कोर्ट ने कहा कि यह विफलता प्रशासनिक नहीं, बल्कि संवैधानिक है। इससे संविधान की घोर विफलता उजागर होती है, क्योंकि कानून में स्कूल भवन तक बाधा रहित पहुंच और लड़कों व लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय अनिवार्य किए गए हैं। लेकिन कानून लागू होने के 17 वर्षों बाद भी कई स्कूलों में छात्रों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। कोर्ट ने कहा कि शेड्यूल में निर्धारित नियम और मानक केवल प्रक्रियात्मक प्रकृति के नहीं हैं, बल्कि आरटीई अधिनियम की धारा-तीन और विशेष रूप से संविधान के अनुच्छेद-21ए के तहत शिक्षा के अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन का अभिन्न हिस्सा हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले का उद्देश्य और मर्म बताते हुए कहा कि यह आदेश व चर्चा केवल कानूनी व्यवस्था के हितधारकों के लिए नहीं है। ये उन कक्षाओं के लिए भी है जहां लड़कियां मदद मांगने में संकोच करती हैं। ये उन शिक्षकों के लिए भी है जो मदद करना चाहते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण असमर्थ हैं।

## नए सब-स्टेशन से इन कॉरिडोर को फायदा

# दिल्ली मेट्रो का नया पावर बैकअप, पार्क स्ट्रीट में इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के साथ-साथ उसके संचालन के लिए भी नए संसाधन तैयार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पार्क स्ट्रीट (सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के पास) बनाए गए नए इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन (आरएसएस) का शुक्रवार को उद्घाटन किया। आधुनिक तकनीक पर बना यह सब-स्टेशन दिल्ली मेट्रो के प्रमुख रूटों को बिजली आपूर्ति देगा।

इससे मेट्रो सेवाएं और बेहतर होंगी। साथ ही यह सब स्टेशन मेट्रो के आगामी विस्तार प्रोजेक्ट में भी मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस सब-स्टेशन को नई और उन्नत तकनीकों से केवल 18 महीनों में तैयार कर लिया गया है। इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन को इस प्रकार विकसित किया गया है कि दिल्ली मेट्रो की लाइनों को किसी भी प्रकार की बिजली संबंधी समस्या का सामना न करना पड़े और मेट्रो सेवाएं पूरी तरह निर्बाध रूप से संचालित होती रहें।

नवनिर्मित इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब-स्टेशन में सभी जरूरी बिजली उपकरणों को नए सिरे से लगाया गया है। यह सब-स्टेशन एयरपोर्ट लाइन, लाइन-6 (वायलेट लाइन) और आगामी सेंट्रल विस्टा मेट्रो लाइन को बिजली उपलब्ध कराएगा।

इसके लिए अतिरिक्त 25 केवी फीडरों के जरिए मेट्रो ट्रैक को बिजली सप्लाई की जाएगी, जिससे मेट्रो संचालन और ज्यादा सुचारू रहेगा। इसमें उन्नत सब-स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम, ऊर्जा बचाने वाली वीआरएफ एयर-कंडीशनिंग और आधुनिक सुरक्षा सिस्टम लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में मेट्रो नेटवर्क का और अधिक विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि नए कॉरिडोरों पर जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### हाईकोर्ट ने कहा- एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग

**नईदिल्ली,एजेंसी।** राजसमंद में एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व के नाम पर सड़क का नाम बदलने को लेकर दर्ज एससी-एसटी एक्ट के मामले में राजस्थान हाई कोर्ट ने पुलिस और परिवादी की भूमिका पर कड़ी टिप्पणी की है। जोधपुर बेंच के जस्टिस फरजंद अली ने कहा कि संविधान से मिली कानूनी शक्तियों का उपयोग किसी को प्रताड़ित करने के औजार के रूप में नहीं होने दिया जाएगा। कोर्ट ने पुलिस जांच को सजावटी कहानीबताते हुए कानून के दुरुपयोग की आशंका जताई। मामले में 28 जनवरी को सुनवाई के दौरान तब नाटकीय मोड़ आया, जब कोर्ट में एक वीडियो क्लिप चलाई गई। वीडियो में साफ दिखाई दिया कि एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराने वाला फरियादी ही कथित आरोपी को लात-घूंसों से पीट रहा है। इस लाइव सबूत के सामने आते ही आरोपी की गिरफ्तारी पर अड़े पुलिस अधिकारी को अपना रुख बदलना पड़ा। यह याचिका भरत कुमार दवे की ओर से दायर की गई थी। कोर्ट ने कहा कि पुलिस ने तथ्यों को चुनकर एकतरफा जांच की।

# लाल किला ब्लास्ट: व्हाइट कॉलर मॉड्यूल ने ग्लोबल कॉफी चेन पर हमले की भी बनाई थी योजना : सूत्र

## पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में लाल किले के पास एक आई20 कार ब्लास्ट की जांच में एक बहुत बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि इसी मॉड्यूल ने एक ग्लोबल कॉफी चेन के आउटलेट्स पर हमले की योजना बनाई थी। बता दें कि, पिछले साल 10 नवंबर को लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई थी।



एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्रों ने यह भी बताया कि यह व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल पिछले चार सालों से एक्टिव था। आरोपियों ने भारत के बड़े शहरों में भी हमले की योजना बनाई थी। सूत्रों ने आगे बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली जानकारी की मदद से नवंबर और दिसंबर में दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में कई प्लान किए गए हमलों को रोका गया। 4 जनवरी को अधिकारियों ने बताया था कि इस व्हाइट-कॉलर मॉड्यूल में शामिल डॉक्टर मुजम्मिल गनई, अदील राथर और अन्य लोग पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में रहने के लिए 'घोस्ट' सिम कार्ड और एन्क्रिप्टेड ऐप्स का इस्तेमाल करते थे। ये लोग जांच एजेंसियों को गुमराह करने के लिए 'डुअल-फोन' तरीका अपनाते थे, जिसमें नॉर्मल यूज और सीक्रेट बातचीत के लिए अलग-अलग डिवाइस रखते थे।

### दिल्ली के ज्योति नगर में बेटे को खाना लेने भेजकर पति-पत्नी ने लगाया फंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में गुरुवार देर रात अधेड़ दंपती ने अपने फ्लैट में कथित तौर पर फंदा लगाकर जान दी। मृतकों की पहचान 55 वर्षीय अजय कुमार और 50 वर्षीय रीता के रूप में हुई है। दोनों के शव अलग-अलग कमरों में लटके मिले। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें इस जोड़े ने बच्चों के कामयाब न होने, कर्ज और व्यवसाय में समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। घटना की जानकारी गुरुवार रात 12 :05 बजे ज्योति नगर थाने को मिली। पुलिस ने तुरंत टीम भेजकर फ्लैट की जांच की। अजय कुमार सोनिया विहार में मेडिकल स्टोर चलाते थे, जबकि रीता घर पर ही रहती थीं। उनका बड़ा बेटा 29 वर्षीय भास्कर पिछले कुछ समय से पिता के साथ मेडिकल स्टोर पर काम कर रहा था।

# 'रशियन लड़कियों' से संबंध से बिल गेट्स को हुआ था यौन रोग? एपस्टीन फ़ाइलें में चौंकाने वाला दावा



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में शुमार बिल गेट्स एक बार फिरजेफरी एपस्टीन मामले की वजह से सुर्खियों में हैं। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा सार्वजनिक किए गए नए दस्तावेजों ने माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक पर ऐसे आरोप लगाए हैं जो न केवल सनसनीखेज हैं, बल्कि उनकी निजी छवि पर भी गहरे सवाल खड़े करते हैं। हालांकि, ये तमाम दावे अभी तक सिर्फ कागजों तक सीमित हैं और इनके पीछे कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया है।

मेलिंडा गेट्स का जिक्रः सबसे गंभीर आरोप यह है कि गेट्स कथित तौर पर एंटीबायोटिक्स की तलाश में थे ताकि वे अपनी तत्कालीन पत्नी मेलिंडा को भी अनजाने में दवा दे सकें।

सबूत मिटाने की कोशिशः एपस्टीन ने यह भी लिखा कि गेट्स ने उससे इस मामले से संबंधित पुराने संवाद हटाने का अनुरोध किया था।

गेट्स खेमे का पलटवारः यह सिर्फ एक कुंठित अपराधी की खुन्नस है बिल गेट्स के प्रतिनिधियों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे चरित्र हनन का प्रयास बताया है। प्रवक्ता के अनुसार, ये दस्तावेज सिर्फ यह साबित करते हैं कि जब गेट्स ने एपस्टीन से दूरी बना ली थी, तो वह बौखला गया था। एपस्टीन अपनी नाराजगी निकालने और गेट्स को बदनाम करने के लिए मनगढ़ंत कहानियां गढ़ रहा था। न्याय विभाग की सफाई और पुरानी तस्वीरों का साया अमेरिकी प्रशासन ने अब तक एपस्टीन मामले से जुड़ी करीब 30 लाख फाइलों और लाखों तस्वीरों को जनता के सामने रखा है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी फाइल में नाम होने का मतलब यह कतई नहीं है कि वह व्यक्ति अपराधी है। इन दस्तावेजों के साथ कुछ पुरानी तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिनमें एपस्टीन एक साथ नजर आ रहे हैं। गेट्स पहले भी कई बार सार्वजनिक तौर पर स्वीकार कर चुके हैं कि एपस्टीन से मिलना उनकी एक बड़ी भूल थी और उन्हें इसका गहरा पछतावा है।

### मेलिंडा गेट्स और तलाक का वो अनकहा सच

गौरतलब है कि बिल और मेलिंडा गेट्स का 27 साल पुराना रिश्ता 2021 में टूट गया था। उस वक्त मेलिंडा ने संकेत दिया था कि एपस्टीन के साथ बिल की बढ़ती नजदीकी और कुछ निजी कारण इस अलगाव की बड़ी वजह थे। हालांकि, उन्होंने कभी भी इन स्ज्ञष्ठ या रूसी महिलाओं जैसे आरोपों का खुलकर जिक्र नहीं किया।

# बेरहम मां ! 10 माह के मासूम पर सैंकड़ों बार सुई से हमला

**बीजिंग, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिमी चीन से सामने आई एक घटना ने इंसानियत को झकझोर दिया है। महज 10 महीने के एक बच्चे के शरीर पर सैकड़ों बार सुई चुभोने का खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि यह क्रूरता किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि बच्चे की अपनी मां ने की थी। हॉन्गकॉन्ग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (स्ष्टस्क्क) के अनुसार, गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके शरीर पर सुई चुभने के असंख्य निशान पाए। मामला युन्नान प्रांत के एक काउंटी अस्पताल का है, जहां बच्चे को तेज बुखार और झटकों की शिकायत के साथ लाया गया था। बच्चे के सिर, गर्दन, धड़ और पैरों पर काले पपड़ी जैसे घाव थे। आगे की पड़ताल में यह चौंकाने वाला सच सामने आया कि बच्चे की मां कथित तौर पर घरेलू इलाज और सजा के तौर पर उसके शरीर में सुई चुभोती थी। अनुमान है कि यह हरकत 500 से 600 बार दोहराई गई। हालात तब और गंभीर हो गए जब जूते सिलने में इस्तेमाल होने वाली एक सुई बच्चे की गर्दन में टूटकर रीढ़ के पास फंस गई। इसके बाद डॉक्टरों को जटिल सर्जरी करनी पड़ी। शिन्हुआ अस्पताल के वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ. सुई वेनयुआन ने बताया कि सर्जरी बेहद जोखिम भरी थी। सुई की बनावट और स्थिति स्पष्ट न होने के कारण जरा-सी चूक से बच्चे की नसों और आसपास के ऊतकों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता था। सभी जरूरी जांचों के बाद ऑपरेशन किया गया, जो सफल रहा। बच्चे को जो तेज बुखार था, उसकी एक वजह शरीर में फंसी जंग लगी सुई भी हो सकती है। सर्जरी के कुछ दिनों बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और उसे आईसीयू से बाहर शिफ्ट किया गया। 21 जनवरी को चीन की विभिन्न सरकारी एजेंसियों- पब्लिक सिक्योरिटी ब्यूरो, स्वास्थ्य आयोग और महिला महासंघ- की संयुक्त जांच में पुष्टि हुई कि बच्चे को चोटें उसकी मां ने ही दी थीं।

# डिजिटल युद्ध की आहट: अंतरिक्ष में चीन का एआई दांव

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने अंतरिक्ष में दुनिया का पहला जनरल पर्पज लार्ज स्केल एआई मॉडल स्थापित करने में सफलता का दावा किया है। अंतरिक्ष की दौड़ में चीन की इस उपलब्धि से सामरिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। इससे चीन अंतरिक्ष में जल्द ही एआई संचालित डाटा सेंटर स्थापित कर युद्ध के मैदान की रीयल टाइम इंटेलिजेंस हासिल कर सकता है। चीन ने अंतरिक्ष में मौजूद अपने सैटेलाइट क्लस्टर पर सीधे एआई प्रॉम्प्ट को प्रोसेस करने में सफलता पाई है। अब तक सैटेलाइट केवल तस्वीरें लेकर कच्चा डेटा जमीन पर प्रोसेस करने के लिए भेजते थे। अब भविष्य में चीन का स्पेस क्लाउड और डेटा सेंटर अंतरिक्ष में ही डेटा का विश्लेषण कर फौरन सटीक नतीजे धरती पर भेज



पाएगा। युद्ध में लक्ष्य को पहचानने और नष्ट करने की प्रक्रिया अब तक जमीनी स्टेशनों पर निर्भर थी। चीन का एआई डाटा सेंटर बनने पर हथियार सीधे अंतरिक्ष से मिले निर्देशों पर काम कर सकते हैं।

हाइपरसोनिक मिसाइलों और स्वार्म ड्रोन जैसी प्रणालियों की प्रभावशीलता बढ़ सकती है। इससे विरोधी सेना को संभलने का मौका नहीं मिलेगा। चीन समुद्र में पनडुब्बियों और विमानवाहक पोतों की आवाजाही को रीयल-टाइम में ट्रैक कर सकता है। जमीन पर स्थित डाटा सेंटर्स को युद्ध में नष्ट भी किया जा सकता है, लेकिन अंतरिक्ष में तैरते डाटा सेंटर को रोकना मुश्किल होगा।

अमेरिका भी स्पेस-एक्स और स्पेस फोर्स भी स्टारशील्ड परियोजना के जरिए रक्षा उपयोगी नेटवर्क पर काम कर रहा है। जनरल पर्पज लार्ज स्केल एआई मॉडल को अंतरिक्ष में सक्रिय करने से चीन अमेरिका से चंद कदम आगे दिखाई दे रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम अंतरिक्ष के सैन्यकरण में तेजी ला सकता है।नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सुरक्षा चिंताएं बढ़ाने वाली है। एआई डाटा सेंटर की मदद से भविष्य में चीन सेना की तैनाती व अन्य गतिविधियों की निगरानी रीयल-टाइम में कर पाएगा। जाहिर है भारत को भी अब अंतरिक्ष आधारित कंप्यूटिंग और एज-एआई में गति बढ़ानी होगी।

# एक-दो शक्तियों से नहीं चलेगी दुनिया, यूएन प्रमुख गुटेरस का बड़ा बयान; भारत- ईयू समझौते का दिया हवाला

**जिनेवा , एजेंसी।**
भारत और यूरोपीय यूनियन (ईयू) के बीच हुए व्यापार समझौते का हवाला देते हुए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) प्रमुख एंटोनियो गुटेरस ने बहुध्रुवीय व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि दुनिया एक या दो शक्तियों से नहीं चलेगी। उन्होंने अमेरिका और चीन का परोक्ष संदर्भ देते हुए यह बात कही।

गुटेरस ने कहा कि हालिया भारत-ईयू व्यापार समझौते से बहुत सकारात्मक उम्मीदें हैं और यह वैश्विक बहुध्रुवीयता में योगदान दे सकता है।यूएन महासचिव गुटेरस ने 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए यहां गुरुवार को पत्रकारों से कहा, वर्तमान समय में यह स्पष्ट है कि दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका है। हमारा और कई लोगों का भी भविष्य के संदर्भ में विचार है कि दो ध्रुव हैं-



एक अमेरिका केंद्रित और एक चीन केंद्रित। उन्होंने कहा, अगर हम एक स्थिर दुनिया चाहते हैं और अगर हम ऐसी दुनिया चाहते हैं, जिसमें शांति कायम रह सके, जिसमें व्यापक विकास हो सके और जिसमें अंतत हमारे मूल्य कायम रहें तो हमें बहुध्रुवीयता का समर्थन करने की जरूरत है। यूएन प्रमुख अमेरिका और चीन का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा, वैश्विक समस्याओं का समाधान एक ही ताकत का हुकुम चलने से नहीं होगा।प्रतिद्वंद्वी प्रभाव क्षेत्रों में बांटने से होगा। बता दें कि गुटेरस ने कुछ दिन पहले भी अंतरराष्ट्रीय कानून के खुलेआम उल्लंघन पर चिंता जताई थी। उन्होंने 15 जनवरी को 193 सदस्यीय महासभा में कुछ देशों की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानून का खुले तौर पर उल्लंघन किए जाने की निंदा की थी और कहा था कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर कोई ऐसा मेन्यू नहीं है, जिसमें से अपनी पसंद का नियम चुना जा सके।

## फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग, पुलिस बल तैनात



मुंबई (एजेंसी)। बालीवुड फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग हुई। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें वहां पहुंचीं। रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं। उनके घर के पास बॉलीवुड की कई हस्तियों के घर भी हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि ये घटना शनिवार रात करीब 3 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने चार राउंड फायरिंग की। इसके बाद जुहू में रोहित शेट्टी के घर के आसपास सुरक्षा बल की तैनाती कर दी गई है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने हर एंगल से जांच कर रही है। हमले की वजह अभी पता नहीं चली है। मामले में अभी तक किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है।

## लावारिस ट्रॉली बैग देख मची सनसनी, खोला तो निकला युवती का शव, जांच शुरु

रोहतास (एजेंसी)। रोहतास में ट्रॉली बैग में शव मिलने से सनसनी फैल गई है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और छानबीन शुरू की। मौके पर एफएसएल की टीम भी बुलाई गई। मामला डेहरी थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के पीछे का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक जब बैग को खोलकर देखा गया तो उसमें अंदर युवती की डेडबॉडी निकली। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। युवती की हत्या क्यों और किसने की? इसको लेकर पुलिस जांच कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले में रोहतास जिले के साइबर डीएसपी ने बताया कि रविवार सुबह से सूचना मिली कि डेहरी नगर थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी में एक सूटकेस में पड़ा हुआ है, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची और बैग को खोला। इस दौरान बैग के अंदर एक युवती का शव मिला। हालांकि युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और युवती की पहचान के लिए लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## कोलकाता के रेस्टोरेंट में यूट्यूबर सायक को मटन की जगह बीफ परोसा, वीडियो वायरल

**बीजेपी बोली-बांग्लादेश की तरह पश्चिम बंगाल में भी हिंदुओं को जबरन खिलाया जा रहा गोमांस**

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक रेस्टोरेंट में मटन की जगह बीफ परोसने का मामला सामने आया। बंगाली यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सायक चक्रवर्ती ने आरोप लगाया है कि उन्होंने मटन स्टेक ऑर्डर किया था, लेकिन उन्हें बीफ स्टेक परोस गया। उन्होंने बीफ को मटन समझकर खा लिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सायक चक्रवर्ती शुक्रवार रात अपने दोस्तों के साथ पार्क स्ट्रीट स्थित एक पब-रेस्टोरेंट में डिनर करने गए थे। उन्होंने एक मटन स्टेक ऑर्डर किया था। कुछ देर बाद वेटर एक और प्लेट लेकर आया और कहा कि यह मटन स्टेक है। तब सायक को शक हुआ कि पहले परोसा गया स्टेक मटन नहीं था। सायक ने जब वेटर से सवाल किया तो उसने दावा किया कि दो स्टेक ऑर्डर किए गए थे। एक मटन और एक बीफ। सायक का कहना है कि उन्होंने सिर्फ एक मटन स्टेक ऑर्डर किया था। वीडियो में सायक वेटर से बहस करते और जवाब मांगते दिख रहे हैं। रेस्टोरेंट मैनेजर और वेटर वीडियो में माफी मांगते नजर आते हैं। वीडियो में सायक यह कहते भी सुने गए कि वह ब्राह्मण हैं। इस घटना से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसके बाद पार्क स्ट्रीट पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया है। वेटर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीजेपी आईटी हेड अमित मालवीय ने एक्स पर सायक का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि बांग्लादेश की तरह पश्चिम बंगाल में भी हिंदुओं को जबरन गोमांस खिलाया जा रहा है। आज जो हम देख रहे हैं, वह कोई छिटपुट घटना नहीं है, बल्कि चेतावनी है। अगर टीएमसी सत्ता में वापस आती हैं, तो यह अपवाद नहीं रहेगा, बल्कि आम बात हो जाएगी। यह पसंद या खानपान की आदतों का मामला नहीं है, बल्कि हिंदुओं की आस्था और विश्वासों को पूरी तरह से कुचलने का मामला है। ममता प्रशासन गायों की तस्करी और अवैध हत्या पर लगाम लगाने में विफल रहा है।

## अल्मोड़ा में हादसा- दिल्ली के बुजुर्ग दंपति की मौत, खाई में गिरकर दूसरी सड़क पर पलटी कार

अल्मोड़ा (एजेंसी)। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना सामने आई है, जहां बाड़ेछीना-सेराघाट मोटर मार्ग पर दिल्ली से घूमने आए एक परिवार की कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस भयावह हादसे में कार सवार बुजुर्ग दंपति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार पहाड़ी से लुढ़कते हुए लगभग 60 मीटर नीचे दूसरी सड़क पर जा गिरी। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार पूरी तरह पिचक गई और दंपति के शव वाहन के मलबे में ही फंस गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली के महरौली (मंगलपुरी) निवासी 75 वर्षीय प्रणब राय, अपनी 72 वर्षीय पत्नी शुभी राय और 52 वर्षीय बेटे सिद्धार्थ राय के साथ देवभूमि की यात्रा पर थे। शनिवार की सुबह उन्होंने नैनीताल के प्रसिद्ध कैंची धाम में दर्शन किए थे और वहां से लगभग 250 किलोमीटर दूर मुनस्यारी में बर्फबारी का आनंद लेने के लिए निकले थे। दोपहर करीब तीन बजे, बाड़ेछीना-सेराघाट मार्ग पर कसान बैंड के पास उनकी स्कॉर्पियो कार अचानक बेकाबू हो गई और सुरक्षा बैरियर को तोड़ते हुए खाई में समा गई। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और धौलछीना थाना पुलिस तुरंत रेस्क्यू के लिए मौके पर पहुंचे। कार ऊंचाई से गिरने के बाद सड़क पर उल्टी होकर गिरी थी, जिस कारण उसकी छत बुरी तरह पिचक गई थी। कार चला रहे सिद्धार्थ राय को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, जिनकी सांसें चल रही थीं। मौके पर मौजूद शिक्षक राकेश मेहरा ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए बिना समय गंवाए घायल सिद्धार्थ को अपने निजी वाहन से तुरंत धौलछीना अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। सिद्धार्थ पेशे से आर्किटेक्ट हैं और उनकी पत्नी गंभीर बीमारी के चलते इस यात्रा पर साथ नहीं आई थीं।

## दिव्यांग विद्यार्थी ने हिस्टोरिकल स्थापत्य कला व सांस्कृतिक विरासत को समझा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.लक्ष्मणगढ़।**



विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं ने आमेर के इतिहासिक किले का भ्रमण कर हिन्दू व मुगल स्थापत्य कला की मिश्रित वास्तुकला एवं सांस्कृतिक विरासत को देखकर प्राकृतिक सौंदर्य को अनुभूत किया।रिसोर्स पर्सन सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि दिव्यांग विद्यार्थियों ने दीवान ए आम ( जनता दरबार), दीवान ए खास ( खास/निजी व्यक्तियों के लिए) सुख मन्दिर (कृत्रिम ठंडी हवा के लिए) शीश महल मानसिंह महल आदि के माध्यम से राजा महाराजाओ की जीवन शैली से परिचित हुए।इसी प्रकार नाहरगढ़ बियोलॉज़ीकल पार्क में वन्य जीव - जंतुओं को नजदीक से देखने का मौका मिला। वन्य प्राणियों के बारे में विद्यार्थियों को अच्छी तरह से जानकारी देकर उनकी जिज्ञासाओ को शांत किया। बच्चों के लिएवन्यजीव व उनके रहने के ठोर ठिकाने मुख्यआकर्षण रहें।

## चिराना में अजय कुमावत का हुआ सम्मान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.चिराना।**

सीकर दिल्ली स्टेट हाइवे स्थित गणेश मंदिर के पास बने हेल्थ केयर एंड परामर्श केंद्र पर रविवार शाम को झुंझुनू के पंचदेव मंदिर के पास बने एमजी मॉल एवं ढिशुम सिनेमा के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमावत को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप मे आमंत्रित कर डॉ.राजेंद्र कुमावत द्वारा सम्मानित किया गया। सीकर में आज वे लंदन बेरी के शोरूम का उद्घाटन कर जब उदयपुरवाटी की ओर जा रहे थे तो एक उम्दा माहौल में उन्हें आमंत्रित कर चाय पर चर्चा हुई और अपने निजी कार्यक्रम के बारे जानकारी भी दी।



इस दौरान चेतन कुमावत,विकास पत्रकार, राकेश कुमार, सुमन सैनी नर्स आदि उपस्थित रहे।

## अजाक द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.जोधपुर।**



डॉ. आंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) राजस्थान जिला शाखा जोधपुर द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जोधपुर के मसूरिया क्षेत्र में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष भंवरलाल बुगालिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अजाक राजस्थान के उपाध्यक्ष बसंत रोयल ने प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिला प्रवक्ता प्रदीप विमल ने बताया कि कार्यक्रम में अजाक पदाधिकारियों ने संत रविदास जी के जीवन, विचारों एवं उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए उनके संदेशों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अजाक वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवीलाल चौहान तथा कोषाध्यक्ष भगवानराम बारूपाल ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन महासचिव अमरचंद रावल ने किया, जबकि कार्यक्रम के अंत में महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कुलदीप ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी, जोधपुर के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। वेलफेयर सोसाइटी के संभाग सचिव संजीव कानवाड़िया, जिलाध्यक्ष लुभास राठौड़, महासचिव खेमराज नवल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बामणिया एवं कोषाध्यक्ष सतीश कुलदीप को शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो भेंट कर एवं माल्यार्पण कर नागरिक अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में डॉ. क्षेत्रपाल डाबी के सर्जन बनने तथा डॉ. श्वेता जीनगर के स्त्री रोग विशेषज्ञ पद पर पदोन्नति होने पर उनका भी सम्मान किया गया। समारोह में अजाक सचिव देवीलाल धांदव, श्रवण बानियां, किशन दादालिया, मनीष पंवार, तेजाराम परिहार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### बच्चों में होम-बेस्ड पेरिटोनियल डायलिसिस और शुरुआती स्क्रीनिंग पर जोर

## इटर्नल हॉस्पिटल, जयपुर की सीनियर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ निशा गौड़ ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

तेजी से बढ़ते किडनी रोगों के बीच मरीजों के लिए इलाज अब पहले से ज्यादा सुरक्षित, आसान और आधुनिक हो गया है। डायलिसिस के नए तरीके, घर पर इलाज की सुविधाएं, बिना बड़े ऑपरेशन के नसों को ठीक करने की तकनीक और किडनी को बचाने वाली नई दवाइयों ने नेफ्रोलॉजी के क्षेत्र में बड़ी उम्मीद जगाई है। इन्हीं उन्नत उपचार विधियों और वैज्ञानिक प्रगति पर चर्चा के लिए इटर्नल हॉस्पिटल, जयपुर की डॉ निशा गौड़ (वरिष्ठ परामर्शदाता) द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किडनी देखभाल के बदलते स्वरूप पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में मीडिया से विशेष संवाद करते हुए सीनियर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. निशा गौड़(सीनियर कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी, इटर्नल हॉस्पिटल, जयपुर ने किडनी रोगों में आई नई उपचार विधियों पर विस्तार से जानकारी दी।

### किडनी फेल्योर से पीड़ित बच्चों के लिए अब पेरिटोनियल डायलिसिस -

डॉ. निशा ने बताया कि किडनी फेल्योर से पीड़ित बच्चों के इलाज में अब पेरिटोनियल डायलिसिस को प्राथमिक और सुविधाजनक उपचार के रूप में




अपनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह विधि अस्पताल-केंद्रित इलाज के बजाय घर पर ही सुरक्षित रूप से की जा सकती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, खेल और पारिवारिक जीवन कम प्रभावित होता है। कई परिवार रात में मशीन चलाकर उपचार देते हैं, ताकि बच्चा सोते-सोते ही थेरेपी ले सके। विशेषज्ञों के अनुसार यह तरीका न केवल चिकित्सकीय रूप से प्रभावी है, बल्कि माता-पिता को मानसिक राहत भी देता है क्योंकि बार-बार अस्पताल जाने की जरूरत कम हो जाती है। प्रशिक्षित अभिभावक घर पर ही देखभाल कर सकते हैं, जिससे इन्फेक्शन का खतरा भी घटता है। इसी कारण पेरिटोनियल डायलिसिस को बच्चों के लिए बेहतर होम-बेस्ड ट्रीटमेंट माना जा रहा है।

### सीकेडी की रोकथाम के लिए डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की जल्दी स्क्रीनिंग आवश्यक -

इसके साथ ही क्रॉनिक किडनी डिजीज की रोकथाम के लिए डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर की जल्दी स्क्रीनिंग पर जोर दिया जा रहा है। डॉ. निशा बताती हैं कि डायबिटीज के 30-40 प्रतिशत मरीजों में आगे चलकर किडनी प्रॉब्लम विकसित हो सकती है, इसलिए समय पर डायबिटीज टेस्ट और ब्लड प्रेशर चेक अनिवार्य हैं। इसके अलावा यूरिन टेस्ट और नियमित स्वास्थ्य जांच भी जरूरी मानी जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि शुरुआती पहचान से कई मरीजों को डायलिसिस तक पहुंचने से बचाया जा सकता है। संतुलित आहार, कम नमक, नियमित व्यायाम और समय पर दवाइयां लेने से किडनी पर दबाव घटता है। इस तरह अर्ली स्क्रीनिंग भविष्य में किडनी सुरक्षा का मजबूत कवच बन रही है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि समय पर जांच, सही उपचार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किडनी रोगियों का जीवन बेहतर बनाया जा सकता है।

## नवनियुक्त श्री राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी का हुआ स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.खेतड़ी।**

रविवार को श्री शोभ सिंह फार्म हाउस पर बाड़ा की ढाणी से पधारे सरपंच प्रत्याशी जयपाल सिंह शेखावत, सोनू सिंह शेखावत, कोहली सिंह शेखावत, कालू सिंह शेखावत, पार्षद गोकल मेहल्ड़ा, राकेश कुमार सहित उनकी टीम द्वारा नवनियुक्त श्री राजपूत करणी सेना जिला अध्यक्ष सुरेंद्र फौजी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर टीम के सदस्यों ने श्री शोभ सिंह फार्म हाउस पहुंचकर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र फौजी को गुलदस्ता भेंट किया, साफा पहनाया तथा मिठाई खिलाकर राजपूत करणी सेना जिला अध्यक्ष,



झुंझुनूं नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। शगौरतलब है कि जिला अध्यक्ष बनने के बाद सुरेंद्र फौजी का गांव-गांव एवं विभिन्न स्थानों पर लगातार स्वागत किया जा रहा है। सुरेंद्र फौजी बीते करीब 15 वर्षों से सर्व समाज के हितों के लिए सक्रिय रूप से संघर्षरत हैं और अन्याय के विरुद्ध सड़कों पर उतरकर आंदोलन करते रहे हैं।उन्होंने दुखी, पीड़ित, शोषित एवं वंचित वर्ग के लिए न्याय की लड़ाई लड़ते हुए सदैव 36 बिरादरी के हित में कार्य किया है, जिसके चलते समाज में उन्हें व्यापक समर्थन और सम्मान प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गणमान्यजनों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती पर किया नमन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.सूरजगढ़।**

संत शिरोमणि रविदास जयंती पर फतेहनाथ की बगीची में पूर्व विधायक सुभाष पूनिया के नेतृत्व में संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व द्वीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर फतेहनाथ धुना महंत राजेश नाथ भी मौजूद रहे उपस्थित लोगों को विधायक सुभाष पूनिया ने संबोधित करते हुए संत शिरोमणि रविदास की दी हुई शिक्षा पर चलने का आह्वान किया शिक्षाविद मोतीलाल डिग्रवाल ने संत रविदास की जीवन के बारे में बताया, भाजपा एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र भाटिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, सुनील पालीवाल, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नथूराम लाइनमैन, एडवोकेट राजेश चीरानिया, निरंजन सारानिया



राधेश्याम चीरानिया, जगदीश प्रसाद लोराजस्थान लोरानिया, राजकुमार बडगुर्जर, मंदरूप भगत, श्यामलाल कटारिया, कुंदन लाल कटारिया, महेंद्र सुनिया, फूलचंद मास्टर, मोहनलाल बडगुर्जर, महावीर धानका सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

## हजार गौरव गोगोई और राहुल गांधी भी मेरा कुछ नहीं कर पाएंगे: सीएम सरमा

**कांग्रेस को सिर्फ अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की चिंता है, न कि मूल निवासियों की**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि कांग्रेस को सिर्फ अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की चिंता है, न कि असम के मूल निवासियों के हितों की। उन्होंने गुवाहाटी में कहा कि हजार गौरव गोगोई और राहुल गांधी भी मेरा कुछ नहीं कर पाएंगे। अभी असम के लोगों के लिए स्थिति बहुत नाजुक है, और यह राज्य में उनके अस्तित्व का सवाल है। मिया मुसलमान विवाद पर उन्होंने कहा कि मिया मुसलमान शब्द मैंने नहीं गढ़ा है और यह शब्द खुद वह समुदाय इस्तेमाल करता है जो बांग्लादेश से आकर बस गए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस शब्द को इस्तेमाल किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्स पर पोस्ट में सरमा ने लिखा- ये कोर्ट के अपने शब्द हैं। असम पर चुपचाप और धोखे से हो रहा जनसांख्यिकीय हमला निचले असम के भू-रणनीतिक रूप से



महत्वपूर्ण जिलों के नुकसान का कारण बन सकता है। अवैध प्रवासियों की संख्या इन जिलों को मुस्लिम-बहुल क्षेत्र में बदल रही है। इसके बाद यह सिर्फ समय की बात होगी जब बांग्लादेश के साथ उनके विलय की मांग की जा सकती है। निचले असम के नुकसान से उत्तर पूर्व का पूरा भूभाग बाकी भारत से अलग हो जाएगा और उस क्षेत्र के समृद्ध प्राकृतिक संसाधन राष्ट्र के हाथ से निकल जाएंगे। सरमा ने कहा कि ऐसी चिंताओं को स्वीकार करना सांप्रदायिकता या नफरत नहीं है। सीएम सरमा के बयान पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंत सरमा अपने बयानों को सही ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि एक कार्यकारी रिपोर्ट की भाषा को सुप्रीम कोर्ट से जोड़ना कोर्ट की अवमानना है। सीएम सरमा ने 27 जनवरी को कहा था कि राज्य में एसआईआर में 4 से 5 लाख मिया मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा था कि सरमा और बीजेपी सीधे तौर पर मिया समुदाय के खिलाफ हैं। उन्होंने लोगों से मिया समुदाय को परेशान करने की अपील की। उनका कहना था कि जब तक उन्हें परेशानी नहीं होगी, वे असम छोड़कर नहीं जाएंगे। मिया बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक अपमानजनक शब्द है। असम सीएम के मुताबिक वे मूल निवासियों के संसाधनों, नौकरियों और जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में कई ढांचागत समस्याएं हैं जिनका समाधान एक दशक से नहीं हुआ

**-केंद्रीय बजट 2026 पर विपक्ष ने उठाए सवाल, निजी पूंजी निवेश में खास वृद्धि नहीं हुई**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को बजट सत्र में भाग लेने संसद पहुंचीं और कहा कि उन्हें ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं। इसके अलावा, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कई ढांचागत समस्याएं हैं जिनका समाधान एक दशक से नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कई ढांचागत समस्याएं हैं जिनका समाधान एक दशक से नहीं हुआ है। निजी पूंजी निवेश में कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। विदेशी निवेश में गिरावट आई है। उम्मीद है कि वित्त मंत्री भारतीय अर्थव्यवस्था में मौजूद ढांचागत असमानताओं को समझेंगे और ईमानदारी से उनका समाधान करेंगी।

आईयूएमएल सांसद ई टी मोहम्मद बशीर ने कहा कि एमजीएनआरईजीए की दुर्दशा तो सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक नाजुक मोड़ है। कई मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है, खासकर भारत की मौजूदा स्थिति में। कई चीजों को गंभीरता से निपटाने की जरुरत है। हमें उम्मीद है कि ग्रामीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हम सभी एमजीएनआरईजीए की दुर्दशा जानते हैं...उन्होंने इसकी पूरी संरचना बदल दी है। यह मनमोहन सिंह की तत्कालीन सरकार द्वारा उठाया गया सबसे क्रांतिकारी कदम था। उन्होंने इसे बर्बाद कर दिया है।

बशीर ने कहा कि उम्मीद है कि सरकार कदम उठाएगी, अगर गांवों पर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। इसलिए इस लिहाज से भी मुझे उम्मीद है कि सरकार न्याय करेगी। इतना ही नहीं, वित्तीय क्षेत्र में भी कई संकट हैं। उनका भी समाधान होगा। केरल के संबंध में हम न्याय चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि वे केरल के लिए भी एम्स और ऐसे ही राष्ट्रीय संस्थानों का उपयोग करेंगे। पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संसद में बैठक के बाद केंद्रीय बजट 2026-27 को मंजूरी दे दी। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन पहुंचने पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दही-चीनी भेंट की।

## यूजीसी नियम बने बीजेपी के लिए गले की फांस, यूपी में हो सकता है नुकसान

**-सवर्ण जाति के संगठनों और छात्रों में नाराजगी बरकरार, फिलहाल कोर्ट ने लगा दी है रोक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से फिलहाल रोक लगाए जाने के बाद भले ही सरकार को राहत मिली हो, लेकिन इससे बीजेपी की राजनीतिक मुश्किलें खत्म होती नहीं दिख रही हैं। खासकर सवर्ण जातियों के संगठनों और छात्रों में नाराजगी बरकरार है। उनका कहना है कि जब तक यूजीसी के नियम पूरी तरह वापस नहीं लिए जाते, तब तक इसका विरोध करते रहेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूजीसी का यह विवाद अब बीजेपी के लिए 'गले की फांस' बन गया है। सुप्रीम कोर्ट के स्टे के बावजूद करणी सेना, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, ब्राह्मण महासभा, परशुराम सेना समेत कई सवर्ण संगठन सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान कर चुके हैं। इससे संकेत मिल रहे हैं कि पार्टी की चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है। इस विरोध का सबसे बड़ा केंद्र यूपी है। यूपी में बीजेपी के अंदर भी इस मुद्दे को लेकर असंतोष खुलकर सामने आया है।

कई स्थानीय और जिला स्तर के नेताओं ने पद से इस्तीफा तक दे दिया है। पार्टी के कुछ सवर्ण नेताओं का कहना है कि नए नियमों को लेकर समर्थकों को समझाना मुश्किल हो रहा है। एक विधायक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि परंपरागत सवर्ण वोटरों की अनदेखी से समाज में बेचैनी बढ़ी है और यूजीसी विवाद ने इसे और गहरा कर दिया है। बीजेपी के सामने दुविधा यह है कि यदि वह यूजीसी के नियमों का खुलकर समर्थन करती है तो सवर्णों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी, और यदि नियमों को वापस लेती है तो एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के विरोध का खतरा है। ऐसे में पार्टी के लिए सामाजिक संतुलन बनाए रखना चुनौती बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक राजनीतिक दृष्टि से यूपी में यह मुद्दा और भी संवेदनशील है। प्रदेश की आबादी में ब्राह्मण, ठाकुर और वैश्य समेत सवर्ण जातियां करीब 22 फीसदी हैं, जिन्हें बीजेपी का परंपरागत वोट बैंक माना जाता है। जनरल कैटेगरी के युवाओं का आरोप है कि नए नियम 'रिवर्स डिस्क्रिमिनेशन' को बढ़ावा देते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह असंतोष बना रहा तो 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को नुकसान हो सकता है।

दूसरी ओर विपक्ष ने इस मुद्दे पर सधे हुए बयान देकर सवर्ण वोटरों को साधने की कोशिश की है। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और अन्य दलों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए सरकार पर बिना पर्याप्त चर्चा के नियम लागू करने का आरोप लगाया है। कुल मिलाकर, यूजीसी नियमों का विवाद अब केवल कानूनी नहीं, बल्कि बीजेपी के लिए सियासी परीक्षा बन चुका है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com